''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 25 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 25 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि : बड़ौली



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। जब भी हमें शक्ति की जरूरत पड़ती है तो बेटियों की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सनातन का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सनातन परम्परा को विश्व में मजबूती के साथ पहुंचाया है, यही कारण विश्व के लोग हमारी सनातन परम्परा को देखने भारत आ रहे हैं। श्री बड़ौली शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर 16 स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 25 जनवरी को नायब सरकार के 100 दिन पूरे होने की अग्रिम बधाई भी दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए अनेको योजनाएं चलाई हैं। लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, सेल्फ हेल्फ ग्रुप के जरिए महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं को जागरूक करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठन लगातार आयोजन कर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली को पूरी दुनिया ने देखा है। युक्रेन और रूस को एक टेबल पर बैठाकर शांति का संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के लोगों की सेवा करना ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विजन है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं उन्हें भाजपा सरकार संकल्प के साथ पूरा करेगी।

राष्ट्रीय बालिका दिवस और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर महाविद्यालय में रोटरी क्लब के सौजन्य से आयोजित ररक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

## मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है हरियाणा सरकार : राव नरबीर

### हरियाणा के विकास के सफर में स्वर्णिम होंगे अगले पांच साल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरूग्राम।** उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। जिसमें नागरिक प्रथम की सार्थक सोच के साथ पारदर्शी, जवाबदेह, लोक-केंद्रित और तत्पर विश्वास-आधारित प्रशासन सुनिश्चित किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आने वाले पांच सालों में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे जोकि हरियाणा के अब तक के विकास के सफर के स्वर्णिम पांच साल होंगे। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव पातली हाजीपुर, खेंटावास, साढ़राणा, चंदू व माकड़ोला में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने इस दौरान गांव पातली व हाजीपुर में दो अलग अलग स्थानों पर स्थापित नए सौ फुट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण भी किया।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनता द्वारा तीसरी बार आशा व विश्वास से चुनी हुई सरकार के आज सौ दिन पूरे हुए हैं। इन बीते सौ दिनों में अगले पांच साल के विकास के सफर का खाकां तैयार कर लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि यह सर्वसमाज व 36 बिरादरी के साझे की चुनी हुई सरकार है। जिसमें बिना किसी पक्षपात के सभी वर्गों का समान दृष्टिकोण के साथ विकास सुनिश्चित किया जाएगा। राव ने कहा कि आगामी एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्त वर्ष में जनता की मांग के अनुरूप नियमों को पूरा करने वाले सभी विकास कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में शहरों की तर्ज पर गांवों में हुए समानांतर विकास से आज हरियाणा देश के अग्रणीय राज्यो की सूची में स्थान रखता है। ऐसे में उपरोक्त सूची में अपनी परफॉर्मेंस को और अधिक बेहतर करते हुए आगामी पांच सालों में विकास की गति को दुगना किया जाएगा।

## 26 तक ड्रोन आदि पर लगाई रोक

समाचार गेट/संजय शर्मा

गुरुग्राम। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर गुरुग्राम के जिलाधीश एवं डीसी अजय कुमार ने ज़िला गुरुग्राम में साइबर कैफे संचालकों, पीजी, गैस्ट हाऊसिज, होटलों, मकान मालिकों और अन्य कार्यालयों को अपने किराएदारों, नौकरों, विजिटरों व अतिथियों का रिकॉर्ड उनके आईडी प्रूफ के साथ रखने के आदेश दिए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 धारा 163 के तहत किए गये निषेधाज्ञा के ये आदेश जिला गुरुग्राम में तुरंत प्रभाव से लागू होकर 26 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश ने अपने आदेश में जिला में उपरोक्त अवधि में ड्रोन, माइक्रो लाईट एयरक्राफ्ट, ग्लाइडर /पॉवर ग्लाइडर/ होट एयर बलून, काइट फलाइंग व चाइनीज माइक्रो लाइट के प्रयोग पर भी ऐहतियातन प्रतिबंध लगा दिया है।

ये आदेश गणतंत्र दिवस के अवसर पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत जारी किए गए हैं। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर होगा 9 मार्च को हाफ मैराथन का आयोजन : डीसी

### नायब सिंह सैनी होंगे हॉफ मैराथॉन के मुख्यातिथि




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृंखला में आगामी 9 मार्च को फरीदाबाद जिला मुख्यालय पर ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर हाफ मैराथन का आयोजन सूरजकुंड से किया जाएगा। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने देते हुए बताया कि हाफ मैराथन में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे और विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। डीसी ने बैठक से पहले वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता व डीआईजी पंकज नैन ने अधिकारियों को तैयारी बारे अवगत कराया।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हाफ मैराथन का शुभारंभ सूरजकुंड परिसर से होगा और यह शहर के बड़खल मोड़ से वापिस जाएगी। इस मेगा इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में हजारों धावक भागीदारी करेंगे।

उन्होंने बताया कि 5 किलोमीटर रन फिर फन के साथ ही हाफ मैराथन के लिए तैयार किये जा रहे पोर्टल पर हॉफ मैराथन 21 किलामीटर व 10 किलोमीटर की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब(टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है। उन्होंने बताया कि इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही आयोजन के उपरांत अपने इलेक्ट्रॉनिक बीब की मदद से आयोजन से जुड़े अपने फोटो भी डाउनलोड कर सकेंगे।

### डीसी विक्रम सिंह ने किया हाफ मैराथन में भागीदार बनने के लिए प्रेरित

डीसी विक्रम सिंह जो स्वयं हाल ही में मुंबई में आयोजित हुई 42 किलोमीटर की मैराथन में भाग लेकर आए हैं ने स्वास्थ्य लाभ के साथ ही ड्रग फ्री हरियाणा में अपनी आहुति डालने के लिए आमजन को फरीदाबाद की हाफ मैराथन में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी से हाफ मैराथन में भागीदारी के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में हाफ मैराथन में भाग लें। इस अवसर पर एडीसी साहिल गुप्ता, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रैफर मुक्त संघर्ष समिति का धरना 53वां दिन, आरती खुराना ने की भूख हड़ताल



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** रैफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना आज 53वें दिन में प्रवेश कर गया। इसके अलावा आज आरती खुराना ने धरना स्थल पर क्रामिक भूख हड़ताल की।

धरना स्थल पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए अज्जी टोंगर ने कहा कि गूंगी बहरी सरकार को रैफर मुक्त फरीदाबाद धरने पर बैठे लोगों की पुकार सुनाई नहीं दे रही है। जानकारी के लिए बता दें कि बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को को लेकर सेवा वाहन संचालक फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति की टीम के साथ जो धरना दे रहे है वह अपने आप में एक ऐतिहासिक हो चुका है। क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सतीश पिछले 12 वर्षों से लगे हुए है।

महामारी कोरोना में भी लगातार सेवा करते है तथा हजारों लोगों की जान बचाने में उनका अहम योगदान रहा है चाहे वह ऑक्सीजन सिलेण्डर हो या फिर अन्य मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाना हो।

सेवा वाहन संचालन सतीश चोपड़ा ने इस मौके पर धरने को समर्थन कर चुके सभी सत्ता पक्ष, विपक्ष, समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि अब तक 180 संस्थाओं ने इस रेफर मुक्त फरीदाबाद के धरने को अपना लिखित समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि रेफर मुक्त फरीदाबाद, श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज में आईपीडी सेवाओं को शुरू करना तथा ट्रॉमा सैन्टर बनवाया जाए। इन सभी मांगों का उन्हें व फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के प्रत्येक सदस्य को लिखित आश्वासन चाहिए नहीं हो यह धरना आगे भी चलता रहेगा।

इस मौके पर आरती खुराना, सतीश चोपडा, राजेश शर्मा, अज्जी टोंगर, अमित सरधाना, रजत, एवं भोला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नायब सरकार ने 100 दिनों में हर वर्ग के दिलों को छुआ

### नायब सरकार की खुली किताब, 100 दिनों के पल-पल का हिसाब

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भाजपा की नायब सरकार के बेमिसाल 100 दिन पूरे हो रहे हैं। बेमिसाल हम इसलिए लिख रहे हैं क्योंकि इन 100 दिनों में जिस तरह के बड़े फैसले लेकर हर वर्ग को राहत दी है, वैसी मिसाल हरियाणा की राजनीति में पहले कभी नहीं मिलती। नायब सरकार की किताब खुली है और 100 दिनों में हर पर का हिसाब जनता के सामने है। युवा, किसान, महिलाएं, कर्मचारी, शहर, गांव, कस्बे, ऐसा कोई वर्ग और क्षेत्र नहीं जिसके लिए भाजपा की नायब सैनी सरकार ने काम ना किया हो। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले 24 हजार से ज्यादा युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरी देकर नायब सिंह सैनी ने बहुत बड़ा उदाहरण पेश किया है। 2014 से पहले हरियाणा में जितनी भी सरकार बनी, मुख्यमंत्री किसी भी पार्टी का बना हो, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि शपथ लेने से पहले युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई हो। अकेले युवाओं की बात नहीं, नायब सिंह सैनी ने सरकार बनाते ही क्रांतिकारी कदम उठाया और सभी फसलें एमएसपी पर खरीद करने काम शुरू करवाया, आज पूरे देश में हरियाणा एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़ी पहल की, सभी मेडिकल कॉलेज और नागरिक अस्पतालों में डायलिसिस की नि:शुल्क सुविधा शुरू करवाई। भाजपा की नायब सरकार ने इन 100 दिनों में जमकर काम किया और हर वर्ग की चहेती सरकार बनने में कामयाब रही। यही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिस तरह जनता के दिलों में जगह बनाई उसकी भी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिल सकती। जनता के साथ नायब सिंह सैनी विपक्षी पार्टियों के विधायकों और नेताओं के दिलों पर भी राज करते हैं। पिछले दिनों विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ मंच तो सांझा किया ही, साथ ही उनकी तारीफ करने में भी कंजूसी नहीं बरती। बता दें कि अब नायब सिंह सैनी 12 मार्च 2024 से अक्टूबर 2024 तक मुख्यमंत्री रहे। उन 56 दिनों में जी काम किया उसकी भी काट आज तक विरोधी नहीं तलाश पाए। उन 56 दिनों के काम और नायब सिंह सैनी की लोकप्रियता का ही परिणाम रहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा की बहुमत दिया और नायब सिंह सैनी को 17 अक्टूबर को दोबारा मुख्यमंत्री बनाया। अब सरकार के 100 दिन 27 जनवरी को पूरे हो जाएंगे। इन 100 दिनों में सरकार ने जितने भी फैसले लिए सब जनता के सामने हैं। नायब सरकार के इन 100 दिनों का तोड़ ढूंढना भी विरोधियों के वश से बाहर है।



**महिला सशक्तिकरण**

भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए पानीपत से बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। इसमें महिलाओं को पहले साल 7 हजार, दूसरे साल 6 हजार और तीसरे साल 5 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। साथ ही, बीमा कमीशन और हर महीने 2100 रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। हर घर ग्रहणी योजना के तहत 13 लाख परिवारों को 500 रुपये में सिलेंडर दिया जा रहा है। वहीं प्रदेश में 5 लाख महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाए जाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत अब तक 1 लाख 45 हजार महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाया जा चुका है। यही नहीं महिलाओं को पंचायती राज प्रणाली में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भी किया है। इसके अलावा भी बहुत सी योजनाएं ऐसी हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं।

**पिछड़ों को हक दिलवाया**

भाजपा की नायब सरकार ने अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिलवाया है। इसके लिए राज्य में अनुसूचित जातियों में आरक्षण को दो वर्गों वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति वर्ग में वर्गीकृत किया गया। इससे आरक्षण का लाभ हर स्तर पर मिला। इसके अलावा पूरे प्रदेश में समाधान शिविर शुरू करवाए गए। इन शिविरों में अब तक 96 हजार शिकायत आ चुकी हैं, इनमें से 75000 से अधिक शिकायतों का समाधान भी किया जा चुका है।

**किसानों के लिए बड़े कदम**

नायब सिंह सैनी सरकार ने किसानों के लिए बड़े क्रांतिकारी कदम उठाए। सभी फसलों को एसपी पर खरीदा जा रहा है। फसल का पैसा फसल बेचने के 48 घंटे के अंदर डीपीटी से डायरेक्ट किसानों को दिया जा रहा है यही नहीं हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधायक 2024 भी पारित किया गया। अब कृषि भूमि के पट्टे के लिए लिखित अनुबंध अनिवार्य हो गया है इससे मालिकों को अपनी जमीन पर कब्जे का डर नहीं रहेगा। यही नहीं सरकार ने श्यामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज कृषक पट्टेदारों को उसे भूमिका मालिकाना हक भी दिया। किसान भी नायब सिंह सैनी के इसलिए कायल है क्योंकि अब उन्हें प्राकृतिक आपदा से नुकसान का डर नहीं रहा। अगर प्रकृति आपदा से फसल को नुकसान होता है तो नायाब सरकार तुरंत मुआवजा भी देती है। खरीफ फसलों के लिए 2000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अब तक 948 करोड़ रुपए किसानों के लिए जारी किया जा चुके हैं।

**हर वर्ग के दिलों को छुआ**

भाजपा की नायब सैनी सरकार ने प्रदेश में हर वर्ग के लिए सौगात दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 750 रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में 400 रुपये की बढ़ोतरी की गई। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों प्रदेश के 19 जिलों में 50 करोड रुपए से जिम खोले गए। प्रदेश में बागवानी विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है, इसका शिलान्यास भी किया जा चुका है। यह विश्वविद्यालय करनाल के उचानी में 700 करोड रुपये की लागत से बनेगा। इसके अलावा टीवी उन्मूलन अभियान। शहरों में लोकल बस सेवाएं शुरू की, इसके साथ ही अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार भी किया गया। कुल मिलाकर नायब सैनी सरकार ने 100 दिनों में हर वर्ग के दिलों कुछ हुआ है।

## बत्रा हार्ट हॉस्पिटल ने रक्तदान कर मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 31 सप्रिंगफील्ड कालोनी स्थित बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉसपिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 182वीं जयंती मनाई जिसमें स्टाफ के कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों सहित 32 रक्तवीरों द्वारा प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला रैड क्रास सोसाइटी के सचिव बिजेंद्र सौरोत मुख्य अतिथि, रैड क्रास के जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी एवं रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर हजारों लोगों की जीवन रक्षण करने वाली समाजसेविका सपना जैन विशिष्ट अतिथि रहे।

हॉसपिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ ह्दयरोग चिकित्सक डॉ पंकज बत्रा एवं जन सम्पर्क अधिकारी बीरेंद्र गौड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में एकत्रित रक्त संत भगत सिंह जी महाराज चेरिटेबल ट्रस्ट के ब्लड बैंक में दिया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जिससे सभी रक्तदाता एक वर्ष में जरूरत पड़ने पर आवश्यकतानुसार रक्त ले सकेंगे। शिविर में जिला रैड क्रास सचिव बिजेंद्र सौरोत ने समाज में सभी स्वस्थ्य लोगों विशेषकर युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान एवं देशभक्ति के लिए प्रेरित किया।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ पहुंचे सुरेश रैना, कहा: आलीशान आयोजन

## माला बेचने वाली मोनालिसा को फिल्म का ऑफर







**प्रयागराज।** महाकुंभ का आज 12वां दिन है। अब तक रिकॉर्ड 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। आज से महाकुंभ में बाहरी गाड़ियों की एंट्री बैन कर दी गई है। शाम को पहली बार ड्रोन शो का आयोजन होगा। डिप्टी उट केशव मौर्य भी आज महाकुंभ में रहेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे है। उन्होंने कहा- योगी सरकार ने बहुत आलीशान आयोजन किया है। महाकुंभ में चर्चा में आई मोनालिसा को डाइरेक्टर सनोज मिश्रा ने फिल्म ऑफर की है। अखाड़ा परिषद में विश्व हिंदू परिषद की खास बैठक शुरू हो गई। बैठक में कई अहम प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें देशभर के संत और साधु-महात्मा जुटे हैं। गोल्डन बाबा के नाम से प्रसिद्ध महामंडलेश्वर अरुण गिरी के शिष्य ने उन्हें 251 किलो सोने का सिंहासन भेंट किया। अरुण गिरी आवाहन अखाड़े के पीठाधीश्वर हैं, जिन्हें अवधूत बाबा भी कहा जाता है। महाकुंभ में शुक्रवार को दिनभर जबरदस्त भीड़ रही। जिस वजह से सभी रास्तों पर जाम लगा रहा। कल यानी शनिवार और रविवार को वीकेंड के चलते भीड़ रहने का अनुमान है। विश्व हिन्दू परिषद की मार्ग दर्शन मंडल की बैठक में वक्फ बोर्ड को खत्म करने और देश भर में मंदिरों पर से सरकारी नियंत्रण खत्म करने और हिन्दू जनसंख्या कम होने का ही मुद्दा छाया रहा। बैठक में संतों ने साफ कहा- किसी भी देश मे वक्फ बोर्ड नहीं हैं, लेकिन भारत मे हैं, जिसकी वजह से इस बोर्ड की मनमानी जारी हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद सरस्वती ने कहा- पूरे देश में ही मंदिर हैं जहां खुदाई होंगी वहां मंदिरों का अवशेष ही मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया- वक्फ बोर्ड के प्रति संतों की काफी नाराजगी है। सभी संत सरकार से मांग करेंगे की वक्फ बोर्ड खत्म किया जाए, काशी-मथुरा पर भी उन्होंने कहा- वहां भी मंदिर का अवशेष मिल चुका है। इसलिए साफ है कि देश मे हमारे मंदिरों पर कब्जा किया गया था। स्वामी अवधेशानंद ने कहा- सभी सांसदों को वक्फ बोर्ड के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इसे खत्म करना चाहिए। हापुड़ में भाजपा सांसद अरुण गोविल ने महाकुंभ पर कहा, ₹महाकुंभ हमारी आस्था का सबसे बड़ा यज्ञ है। त्रिवेणी की हर बूंद अमृत के समान है। सभी को जाकर इसमें स्नान करना चाहिए। 13 नंबर पुल पर जगतगुरु शंकराचार्य की गाड़ी के प्रवेश को लेकर पुलिस प्रशासन से झड़प हो गई। इस दौरान साधु संत और लोगों की पुलिस से झड़प हुई है। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने कहा, ₹महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ लोग अब तक पहुंच चुके हैं। 40-45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। महाकुंभ में इंदौर से आई माला बेचने वाली बंजारन मोनालिसा अब फिल्मों में काम करने जा रही हैं। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता सनोज मिश्रा ने उन्हें अपनी अगली फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में महत्वपूर्ण भूमिका ऑफर की है। जल्दी ही मोनालिसा से मिलकर उनके साथ एक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किया जाएगा। दरअसल, डायरेक्टर ने मोनालिसा के पिता से फोन पर बातचीत की है। वर्तमान में मोनालिसा महाकुंभ नगर में नहीं हैं, इसलिए सनोज मिश्रा अब इंदौर में स्थित उनके गांव जाएंगे। कन्नौज में डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने महाकुंभ को लेकर राहुल और अखिलेश पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा- मैं पूछना चाहता हूं कि 2013 में महाकुंभ हुआ था और तब अखिलेश की सत्ता थी। उन्होंने महाकुंभ की बागडोर अपने चच्चा मोहम्मद आजम खां के हाथों में दे रखी थी। उस समय कितनी अव्यवस्था थी, मैं इसका जिक्र करना नहीं चाहता। लेकिन यदि इस बार महाकुंभ में यूपी का मंत्री परिषद डुबकी लगाएगा और फिर आप सवाल उठाओगे या दुष्प्रचार करोगे तो ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना अपने परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे है। इस दौरान उन्होंने कहा- योगी सरकार ने बहुत आलीशान आयोजन किया है। मैं भी अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ आया हूं। उत्तर प्रदेश हमारी कर्मभूमि है।₹ राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने कहा- कुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से की गई है। यह स्वच्छ, सुरक्षित और डिजिटल है। यह मेरा पहला कुंभ था। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। सभी सरकारें इस मॉडल का अनुशरण कर सकती हैं। यह बहुत अच्छा अनुभव था। महाकुंभ में केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमनदीव और लक्षद्वीप के शिविर का उद्घाटन किया गया। कुंभ मेला में ये शिविर प्रदेश सरकार के आमंत्रण पर स्थापित किए गए हैं। उद्घाटन कमिश्नर विजय विश्वास पंत और पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने किया। इस पवेलियन में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को प्रदर्शित किया गया है। यह शिविर सेक्टर 7 कैलाशपुरी मार्ग पर स्थापित किया गया है। अयोध्या में सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर कहा- हर सनातनी बिना जाति के, बिना पंथ के, बिना भेदभाव के त्रिवेणी संगम में पावन स्नान कर गौरव की अनुभूति कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने सपा पर भी निशाना साधा।

# संस्कार भारती ने निकाली तिरंगा यात्रा



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** संस्कार भारती कुशीनगर व किसान इंटरमीडिएट कॉलेज साखोपर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 76 वें गणतंत्र दिवस के आलोक में भारत माता पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें 76 मीटर लंबे व 4 मीटर चौड़े तिरंगे के साथ यात्रा निकली। शुरूआत कालेज परिसर से विद्यार्थियों और साखोपार क्षेत्र के लोगों के द्वारा तिरंगा यात्र से हुई।इसके बाद ढोल-बाजे और भारत माता तथा लक्ष्मीबाई की झांकी एवं भारत माता के जयघोष के साथ यात्रा एन एच 28 बी मार्ग होते बहोरापुर पहुंचीं। वहाँ से पुनः वापसी के बाद यात्रा एक सभा मे तब्दील हो गई। जहाँ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर स्वाधीन भारत विषय पर संगोष्ठी की शुरूआत हुई। इसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें।मुख्य वक्ता पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि सन 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा वर्ग यह जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार रहे। प्रांतीय महामंत्री डॉ अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि देश सेवा में महिलाओं का भी योगदान प्रशंसनीय है। सुरेश प्रसाद गुप्त ने कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डाला। इसके अलावा संतोष श्रीवास्तव, अखिलेश राय, त्रिभुवन तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, आदि ने भी स्वाधीन भारत विषय पर अपने-अपने विचार रखें। कॉलेज के छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरे।अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर अखिलेश सिंह ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने कार्यों को ईमानदारी से करे यही सच्ची देशभक्ति है।

स्वागत आभार प्रबंधन समिति के सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।संचालन पत्रकार विरेश राय ने किया। समापन वंदे मातरम से हुआ। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह, यशवंत सिंह, गिरिजेश कुमार सिंह, आलमगीर आलम, पवन पाण्डेय सोनभद्र सिंह ज्ञान सागर सहित सैकड़ों मौजूद रहे।

# संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा नेता डॉ. पी.एन. राय ने किया जागरूक



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत गुरुवार को फाजिलनगर मंडल के ग्राम सभा सोहंग (महुअवा खुर्द) की दलित बस्ती में भाजपा नेता डॉ. पी.एन. राय ने पार्टी कार्यकताओं के साथ संपर्क किया। डॉ. राय ने संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों को समझने की अपील की और कहा कि संविधान की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने संविधान की मूल भावनाओं को समझते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक कृष्ण बिहारी प्रजापति, दिवाकर देव सिंह, अखिलेश शुक्ला, राजेश दुबे, ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रसाद, डॉ. इंद्रजीत प्रसाद, राजन यादव सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भाजपा संविधान के महत्व को समाज के हर कोने तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

# 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान के लिये शिक्षकों को किया गया जागरूक



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में चलाये जा रहे 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान के तहत स्थानीय बीआरसी कार्यालय के सभागार में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को टीबी कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी गयी। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि अभियान में उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों जैसे- 60 वर्ष के ऊपर, सुगर के रोगी, एचआईबी के रोगी, कैंसर रोगी, पूर्व में टीबी रोगी, रोगी के साथ रहने वाले व्यक्तियों का स्क्रीनिंग करते हुये टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों को जाँच हेतु नजदीकी अस्पताल या आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर भेजने हेतु प्रेरित करे। इस दौरान एसटीएस शाहिद अंसारी, शिक्षक राजीव नयन द्विवेदी, आदित्य तिवारी, अमीरुल्लाह सिद्दकी, अजय शुक्ला, अजय कुशवाहा, अशोक पांडेय, कृपाशंकर तिवारी, अनीता मिश्रा, प्रियंका पांडेय, नीतू शुक्ला, किरन यादव,सोनी यादव, रीता बर्नवाल,सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद उपस्थित रहे।

# स्व0 कपूर्री ठाकुर को नमन कर समाजवादी आंदोलन और तेज करने का लिया संकल्प



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई कुशीनगर के कार्यालय लोहिया भवन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश के क्रम में समाजवादी चिंतक, भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कपूर्री ठाकुर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर समाजवादी आंदोलन और तेज करने का संकल्प लिया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक डॉ पूर्णमासी देहाती, पूर्व प्रत्याशी विक्रमा यादव, राजेंद्र यादव मुन्ना, डॉ मनोज कुमार यादव ने उनके जीवन दर्शन और राजनीति में योगदान पर विस्तार से चर्चा किया। वह 24 जनवरी 1924 को समस्तीपुर बिहार में जन्मे कपूर्री ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, एक कुशल शिक्षक, राजनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता, निष्ठावान और सदाशयता के प्रतीक थे। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। अपने मुख्यमंत्रीत्व काल में उन्होंने पिछड़ों व दलितों को आरक्षण दिलाया। महिलाओं के सम्मान व समाज के वंचित शोषित अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने नारा दिया कि ₹सौ में नब्बे शोषित है, शोषितों ने ललकारा है धन, धरती और राज पाठ में नब्बे भाग हमारा है। वह भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय के बहुत बड़े पुरोधा के रूप में सदैव याद किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में ओम प्रकाश यादव, निठुरी राजभर, श्रीराम यादव, राम आधार कुशवाहा, राम प्रताप कुशवाहा, सुनील गौड़, एजाज अहमद, रमेश आर्य, सयूम सिद्दीकी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर सैकड़ो पार्टीजन उपस्थित रहे।

# प्रयागराज की ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा यात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व महाप्रसाद के साथ पूरी हुई : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज





**संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज की ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा यात्रा का शुक्रवार को समापन हो गया। परिक्रमा यात्रा में अंतिम दिन देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम स्नानोपरांत दर्शन पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। पंचकोसी परिक्रमा यात्रा संगम से कलश में गंगाजल लेकर महर्षि भारद्वाज के आश्रम पहुंची जहां महर्षि भारद्वाज की मूर्ति का जलाभिषेक किया गया। महर्षि भारद्वाज की मूर्ति के जलाभिषेक के बाद यात्रा संगम स्थित श्री आदि माधव जी का दर्शनण्पूजन के पश्चात संगम तट पर त्रिवेणी मार्ग स्थित दत्तात्रेय शिविर पहुंची जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम व महाप्रसाद के साथ यात्रा का समापन हुआ। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि प्रयागराज की पंचकोसी परिक्रमा का बहुत अधिक महत्व है। यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों से भी जोड़ती है। पंचकोसी परिक्रमा भगवान से जुडने व भगवान को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रयागराज में यह यात्रा अनादिकाल से ही होती आ रही थी, जिसे अकबर ने बंद करवा दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रयासों से इस यात्रा को पुनः शुरू कराया गया है ताकि प्रयागराज की पूरे विश्व में अलग पहचान तो बने ही साथ ही भक्तों को यात्रा के माध्यम से पौराणिक महत्व के धर्मस्थलों के साथ सनातन धर्म की गौरवशाली, वैभवशाली व महान आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक विरासत व परम्परा के दर्शन भी हो सकें। श्री दूघेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि प्रयागराज के पौराणिक मंदिरों में द्वादश माधव मंदिरों का विशेष महत्व है और इन्हीं में से एक श्री वेणी माधव को प्रयागराज के नगर देवता के रूप में पूजा जाता है। परिक्रमा यात्रा के दौरान सभी माधव मंदिरों के साथ अन्य प्रमुख व प्राचीन मंदिरों के भी दर्शन-पूजन श्रद्धालुओं ने किए। अनंत माधव के मंदिर से हुई। पांच दिनों की यात्रा में देश भर प्रमुख संत और अखाड़ों के लोग भी शामिल हुए। महाराजश्री ने कहा कि परिक्रमा यात्रा इस संकल्प के साथ सम्पन्न हुई कि अगले वर्ष इस यात्रा को और अधिक भव्य बनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक भक्त इसका लाभ उठा सकें। परिक्रमा यात्रा में अंतिम दिन सिद्ध आश्रम जूनागढ के महंत जूना अखाडा के निर्वाण मंत्री शैलजानंद गिरि महाराज, सुनीता गिरि महाराज, महंत अतुल गिरि महाराज मुलुक्त पटियाला, महामंडलेश्वर भवानी नंदन गिरि महाराज,, जूना अखाडे के कानूनी सलाहकीर मुनी लाल पांडे, दिल्ली गेट द्वारका पुरी गाजियाबाद के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, सूचना विभाग के डायरेक्टर जनरल पी एन द्विवेदी चंडिका प्रसाद पांडे आदि भी शामिल रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर हुआ रैली का आयोजन



**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय बालिका दिवस थीम ₹इम्पावरिंग गर्लस फार ब्राईट फ्यूचर, के मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में सरदार पटेल इण्टर कालेज हमीरपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज हमीरपुर सहित राजकीय महिला महाविद्यालय, हमीरपुर की छात्राओं ने भारी तादाद में हिस्सा लिया। छात्रायें पूरे जोश के साथ हाथों में तख्तियों सहित पम्पलेट लिये तेज आवाज में बेटियों को मत रख निरक्षर, बेटियों भी बनेगी अफसर। बेटा वंश है, तो बेटी अंश है। बेटा संस्कार है, तो बेटी संस्कृति है। बेटा वारिस है, तो बेटी पारस है। जिन्दगी को जिन्दगी से जोड़ते जाओ, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। भ्रूण हत्या क्यों करते हो, बेटी के जीवन से क्यों डरते हो, नारे लगाती नजर आई। रैली जिलाधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट हमीरपुर से शुरू होकर किंग रोड से होते हुए कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर में समापन हुआ। इस मौके पर घनश्याम मीणा जिलाधिकारी, डा० गीतम सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर, नागेन्द्र नाथ यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), विजय शंकर तिवारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), डा० अनूप कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,नोडल अधिकारी पी०सी०पी०एन०डी०टी० हमीरपुर, डा० चतुर्भुज राजपूत उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजेन्द्र कुमार जिला मलेरिया अधिकारी हमीरपुर, सुरेन्द्र कुमार साहू जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, इं० सिद्धार्थ शंकर सिंह, अनिल कुमार जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सहित सामाजसेवी कार्यकर्ता, महिलायें, आशा बहुओं के साथ ही अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों में ज्यादातर का किया मौके पर डिस्पोजल



**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के बेमिसाल हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आम लोगों की शिकायतों को सुन्ने के साथ ही जिम्मेदारों को शिकायतों का बेहतर तरीके से वख्त पर डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को ठंड से बचाव के मद्देनजर कंबल भी दिये। इस दौरान करीब 64 शिकायते मिली, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी ने मौके पर डिस्पोजल कर दिया। बाकी शिकायतों के डिस्पोजल के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित जिम्मेदारों को वर्चुअल, जूम एप के जरिये से बैठक कर उनका फौरन डिस्पोजल करने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ सहित अधिकारी नियमित तौर से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का बेहतर तरीके से डिस्पोजल करें। डिस्पोजल में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायगी। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित दूसरे जरियों से आये मामलों का मौके पर जाकर बेहतर तरीके से डिस्पोजल कर वख्त पर रिपोर्ट पेश करें।

### हमीरपुर खनिज विभाग पर हावी टोला खंगारन मोरम खण्ड-6- के दबंग मैनेजर अंगद सिंह भदौरिया, शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना



**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में मोरम माफियाओं को नहीं है शासन प्रशासन का कोई खौफ, जबकि हमीरपुर के ईमानदार जिलाधिकारी घनश्याम मीना की सख्ती और रोक के बावजूद राठ के टोला खंगारन मोरम खण्ड-6- के पट्टाधारक राज कुमार सिंह के इशारे पर खण्ड के दबंग मैनेजर अंगद सिंह भदौरिया और इनके गुर्गे एनजीटी के नियमों के साथ ही शासन की खनन नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाकर प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन करने के साथ ही इस खण्ड में आने वाले ट्रकों में धडल्ले से मोरम की खुलेआम ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, जबकि इस खण्ड के मैनेजर अंगद सिंह भदौरिया की दबंगई के चलते खनिज विभाग के जिम्मेदार कार्यवाही करने की नहीं जुटा पा रहे हैं हिम्मत।

### शिक्षिका मधुलिका ने पौधरोपण कर दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के क्रम में कसया निवासी शिक्षिका मधुलिका पूजा ने फाजिलनगर विकास खण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय किशुनदास पट्टी में शिक्षक साथियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त कुशीनगर स्थित शिव मंदिर परिसर में भी विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका उर्मिला उपाध्याय, कुसुम द्विवेदी, आरती दुबे, ममता शर्मा, प्रतिभा यादव, राबिया खातून, नीलम त्रिपाठी, विनोद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पुलिस लाइन में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

### उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल का किया निरीक्षण

### उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला सहित समस्त प्रदेश-देशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी अग्रिम बधाइयां

### परेड का निरीक्षण करने उपरांत उपायुक्त ने ली परेड की सलामी, शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

### विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मनोहारी प्रस्तुतियां



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बतौर मुख्यातिथि पुलिस लाइन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने जिला सहित समस्त प्रदेश व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाइयां दी। साथ ही उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय पर्व को एकजुट होकर हर्षोल्लास से मनाएं। फुल ड्रैस रिहर्सल समारोह में शामिल होते हुए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। इसके पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद परेड कमांडर डीएसपी हरेंद्र के नेतृत्व में की गई परेड की सलामी ली। हरियाणा पुलिस के जवान पीएसआई नंदकिशोर के नेतृत्व में, हरियाणा पुलिस महिला पीएसआई ज्योति के नेतृत्व में, हरियाणा होमगार्ड एसआई मुख्तार सिंह, एनसीसी गर्ल्स कल्याण पब्लिक स्कूल उजीना सुमन के नेतृत्व में, एनसीसी गर्ल्स शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सलाहेड़ी की छात्रा सीनियर अंडर ऑफिसर बुलबुल, एनसीसी ब्यॉय यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह सीनियर अंडर ऑफिसर अनश खान, एनसीसी गर्ल्स राजकीय कन्या सीनियर सैंकडरी स्कूल घासेड़ा, शिफा, गाईड राजकीय कन्या सीनियर सैंकडरी स्कूल नूंह शोभा चौहान, स्काउट आरोही मॉडल स्कूल रेवासन अनसार, राजकीय सीनियर सैंकडरी स्कूल फिरोजपुर-नमक प्रजातंत्र के प्रहरी तालिम, दिपालय स्कूल घुसपैठी बैंड विष्णु के नेतृत्व में परेड की सलामी ली। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने गणतंत्र दिवस समारोह कीप फुल ड्रेस रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पी.टी. प्रदर्शन एवं डंबल लेजियम में विभिन्न स्कूलों के करीब 1400 बच्चों ने भाग लिया। हिन्दू विद्या निकेतन स्कूल के बच्चे सूर्य नमस्कार, कंट्री ग्रामर स्कूल के बच्चे जय जय हरियाणा..गीत पर हरियाणवी समूह नृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे योगा के साथ समूह नृत्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, बाई के बच्चे गरबा, पीएमश्री राजकीय वरि. माध्यमिक विद्यालय पुन्हाना के बच्चे कव्वाली, राजकीय कन्या वरि. माध्यमिक स्कूल के बच्चे विजय भव: गीत पर नृत्य, हिन्दू विद्या निकेतन स्कूल के बच्चे शिव प्रस्तुति, राजकीय कन्या वरि. मा. विद्यालय उजीना के बच्चे धूम मची हरियाणा की..गीत पर समूह नृत्य, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नूंह के बच्चे पधारो म्हारै देश.. गीत पर राजस्थानी नृत्य तथा मदर प्राइड स्कूल के बच्चे रामजी बता कब बरसैगा.. गीत पर नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एएसपी सोनाक्षी सिंह, एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत, नगराधीश अशोक कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़, एफएलएन की संयोजक कुसुम मलिक, मंच संचालक डा. संजय कुमार, डा. सुलक्षणा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले स्कूली बच्चे व अध्यापक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस व हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान जिला स्तरीय समारोह का होगा आयोजन : अशोक कुमार

### लघु सचिवालय, नूंह के मीटिंग हॉल में होगा आयोजन

### ''समावेषी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर'' है इस वर्ष की थीम



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नागराधीश अशोक कुमार ने बताया कि जिले में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा व इसके बाद हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस व संविधान हमारा स्वाभिमान समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम लघु सचिवालय, नूंह के मीटिंग हॉल में सुबह 11:00 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में ''समावेषी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर'' की थीम के साथ वाद-विवाद, चर्चा और ड्राइंग, सकिट, गीत, पेंटिंग, निबंध आदि सहित) जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा तथा नए बने युवा मतदाताओं को उनके पहचान पत्र वितरित करके प्रोत्साहित किया जायेगा व सभी उपस्थित को मतदाता शपथ भी दिलवाई जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ, हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे'' भी दिलवाएं।

उन्होंने बताया कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा अपने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया है। यह दिन हर साल 25 जनवरी को मतदान केंद्र के स्तर से लेकर ब्लॉक, विधानसभा क्षेत्र, जिला और राज्य स्तर तक पूरे देश में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में मतदाता के रूप में शामिल करवाने के लिए जन-साधारण के बीच जागरूकता फैलाना है। साथ ही इसका उद्देश्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के सहयोग से स्कूली और कॉलेज छात्रों द्वारा खंड, जिला और राज्य स्तर पर रंगोली बनाने, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं, रैलियां, परेड टुकडि़यां, नुक्कड़ नाटक आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा कि मतदान संबंधी अधिक जानकारी के लिए मतदान केंद्र पर बीएलओ की सहायता से ऑनलाइन NVSP Portal/Voter Helpline App/ECI or ceo की वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

## सूर्य नमस्कार को जिले के हर गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य : डा. यशबीर गहलावत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आयुष विभाग नूंह तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिला में 12 फरवरी तक हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले भर के सभी शिक्षण संस्थानों, व्यायाशालाओं, औषधालयों व अर्न्य सार्वजनिक स्थानों पर सूर्यनमस्कार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि गांव-2 में सूर्यनमस्कार के कार्यक्रम आयोजित करके सूर्यनमस्कार को जिले के प्रत्येक गांव व प्रत्येक आमजन तक पहुचाया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग में कार्यरत योग सहायक व योग प्रशिक्षक गांव-2 जाकर सूर्यनमस्कार के कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। उन्होने बताया कि सूर्य नमस्कार कई तरह से आपके मन और शरीर को लाभ प्रदान कर सकता है जैसें वजन कम करने में मदद करता हैए आपको रोगमुक्त और स्वस्थ रखने में मदद करता है, तन और मन के संतुलन को बढ़ाता है, रक्त परिसंचरण में सुधार करता है तथा पाचन तंत्र में सुधार करता है और दिल को मजबूत करता है।

## स्थानीय लोगों को गणतंत्र दिवस समारोह स्थल की ओर लेकर जाएंगी बसें : अशोक



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नगराधीश अशोक कुमार ने बताया कि जिला में गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित किए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिला के निवासियों को लाने व ले जाने के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से बसों का प्रबंध किया गया है जो कि अड़बर चौक बाइपास व यासीन मेव डिग्री कॉलेज के सामने से प्रात: 9:00 बजे से 3-3 बसें लोगों को गणतंत्र दिवस समारोह स्थल की ओर ले जाने के लिए रवाना होंगी और दोपहर 12:00 बजे यही बसे पुलिस लाइन ग्राउंड से स्थानीय निवासियों को लेकर वापस अड़बर चौक बाइपास व यासीन मेव डिग्री कॉलेज के सामने छोड़ेंगी।

## प्रदेश सरकार के निर्देशन में लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाए आमजन : सीईओ अमित कुमार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सीईओ जिला परिषद अमित कुमार ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार जनकल्याण के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर हर कार्यदिवस पर सबुह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में लोगों की समस्याओं का निवारण करवाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। उन्होंने आमजन को समाधान शिविरों को लाभ उठाते हुए समस्याओं का निवारण करवाने का आह्वान किया। सीईओ जिला परिषद अमित कुमार शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित कार्फ्रैंस हॉल सहित पुन्हाना व फिरोजपुर-झिरका लघु सचिवालय में तथा समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन समाधान शिविरों में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पेंशन व पुलिस सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 08 शिकायतें आई जिनको समाधान के लिए मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेज दिया गया था।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को 10 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा की ऐतिहासिक भूमि पानीपत से बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत दिनांक 22 जनवरी से माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व मंत्री श्रुति चौधरी महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के कर कमलो से बेटी- बचाओ बेटी पढाओ अभियान को 10 वर्ष की उपलबधिया सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर प्रोग्राम शुरू किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम मिले। जिसके उपलक्ष्य में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास फरीदाबाद मीनाक्षी चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन उनके कार्यालय में नारी निकेतन स्वर्ण जयंती आश्रय कौशल कुंज फरीदाबाद किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान भवन नई दिल्ली महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वेब कास्ट के माध्यम से लाइव प्रोग्राम देखा गया तथा सभी सरकारी अस्पतालों, सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, चाइल्ड केयर सीडब्ल्यूसी फरीदाबाद के द्वारा लाइव वेबकास्ट देखा गया। कार्यक्रम में हमारी लाडो कार्यक्रम का प्रसारण भी सुनाया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से लिंगानुपात में सराहनीय सुधार हुआ हैं। समाज में जागरूकता के कारण कई गावों में तो लडकियों की संख्या लड़को से ज्यादा हैं इसलिए समाज के प्रबुद्ध नागरिको को इस कार्य में सहयोग देना चाहिए, इस अभियान में बेटी- बचाओ बेटी पढाओ के साथ -2 बेटियों को समृद्ध भी बनाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में बेटी- बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूरे होने पर सेमिनार सांस्कृतिक कार्यक्रम व बेटियों का सम्मान रैली को संबोधित कर रही जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी व सुपरवाईजर पिंकी, माया देवी, सुनीता रावत और रॉकेट लर्निंग से स्वंसेवक पल्लवी कुमारी भी उपस्थित थी।,

डीपीओ जिला कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी चौधरी ने कहा कि उसी दिन एक साल पूर्व अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इस महत्तवपूर्ण बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं इस महत्वपूर्ण उपलबधि के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग में इस अभियान का उदेश्य बेटियों के घटते लिंगानुसार को रोकने तथा महिलाओ को शिक्षित करना तथा उन्हें सशकत बनाना है इस योजना के तहत राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति, बीपीएल परिवारो को पहली लड़की और अन्य जाती से सम्बंधित दूसरी लड़की के जन्म पर एलआईसी में 21000/- रूपये की राशि निवेश करेंगी तथा 18 वर्ष पूर्ण होने पर लड़की को यह राशी दी जायेगी, तथा 2017 में गर्भवती व स्तनपान करने वाली महिलाओ के लिए प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना शुरू की गई हैं इस योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियो को तीन किस्तों में 5000/- दिए जाते हैं सरकार ने ऐसी ही एक और योजना की शुरुआत की हैं मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे बच्चा लड़का होने पर एक किस्त में 5000/- रुपए का मातृत्व लाभ दिया जा रहा है तथा किशोरी एवं महिला सम्मान योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों की महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन भी दी जा रही है इसके साथ ही बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ का सभी आंगनवाडी वर्करो तथा सुपरवाईजरो को शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर सुरक्षा व्यवस्था व रिहर्सल को लेकर पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने किया निरीक्षण



### सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद, शरारती तत्वों पर है पैनी नजर : पुलिस आयुक्त

### माननीय राज्यपाल हरियाणा होगें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि, 2,000 के करीब पुलिस कर्मचारी रहेगे तैनात

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जैसा का विदित है कि भारतवर्ष में 26 जनवरी को गणतंत्र के रुप में मनाया जाता है जिस अवसर पर जिला मुख्यालय स्तर पर परेड व संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजरोहण किया जाकर परेड की सलामी ली जाती है। जिस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर प्रयाप्त पुलिस बल तैनात किया जाता है। जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में माननीय राज्यपाल हरियाणा द्वारा ध्वजरोहण करके परेड की सलामी ली जाएगी। जिस संबंध में आज पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता IPS ने समारोह स्थल सेक्टर-12 पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा ड्युटियों व कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल की 4 प्लाटून परेड में शामिल होगी जिसमें एक महिला प्लाटून भी होगी। प्रतीक गहलोत IPS द्वारा का परेड का नेतृत्व किया जाएगा। इसी के साथ हरियाणा पुलिस का ब्रॉस बण्ड भी परेड कार्यक्रम में शामिल होगा तथा डॉग शो व घोडा पुलिस का भी शो होगा। उन्होने आगे जानकारी देते हुए बतलाया कि सुरक्षा के मद्देनजर 2000 के करीब पुलिस कर्मचारी ड्युटी पर तैनात रहेगें, 12 सहायक पुलिस आयुक्त हाथों में कानून व्यवस्था की कमान रहेगी। फरीदाबाद के साथ लगते दिल्ली के बॉर्डर क्षेत्र बदरपुर, पहलादपुर, शूटिंग रेंज, दुर्गा बिल्डर, मांगर होते हुए छतरपुर जाने वाले रोड पर पुलिस के नाके लगाए हुए है जहां पर लगातार चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त समारोह स्थल के चारो तरफ IOCL टी पॉइंट सेक्टर-9,12 व 13, फोर्ड/ एस्कोर्ट कम्पनी, सेक्टर-15 रेड लाइट, सैशन कोर्ट और थाना सैन्ट्रल के सामने नाके लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रवेश द्वारा पर 6 DFMD लगाए गए है। सिनिफर डॉग टीम व एंटी डिस्पोजल टीम को भी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त बल्लबगढ़ व NIT में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजरोहण किया जाएगा। जहा पर प्रयाप्त संख्य पुलिस बल नियुक्त किया गया है।

यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिसकर्मी नियुक्त किए गए है तथा समारोह के लिए 2 अलग-अलग स्थनों पर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 25 जनवरी रात्रि 10.00 बजे से लेकर 26 जनवरी दोपहर 1.30 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिस संबंध में यातायात पुलिस द्वारा भी नाके लगाए जाएगे। उन्होंने और अधिक जानकारी देते हुए बतलाया कि फरीदाबाद पुलिस के थाना व चौकी के पुलिस कर्मचारियों द्वारा बस स्टैण्ड, होटल, ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, साइबर कैफे, धार्मिक स्थलों, मैट्रों स्टेशन, मोबाईल फोन व SIM विक्रता इत्यादि स्थानों पर लगातार चेकिंग की जा रही है, साथ ही अपराध शाखाओं द्वारा भी लगातार चेकिंग जारी है। आमजन से अनुरोध है कि किसी भी संधिग्द परिस्थिति में डायल 112 व फरीदाबाद पुलिस के कंट्रोल रुम नम्बर 9999150000, 0129 2227200 पर पुलिस को सूचना दें।

## अंत्योदय/बीपीएल परिवारों की महिलाओं को प्रदेश सरकार देगी 500 में गैस सिलेंडर




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में हर घर-हर गृहिणी योजना के बारे में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर घर हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगार साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल/एएवाई परिवार की महिलाओं को 500 रुपये की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अभी तक जिले की अनेकों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर-हर गृहिणी योजना का लाभ ले सकते है। इस योजना के तहत हर महीने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा। इसके अतिरिक्त कोई भी पात्र परिवार का व्यक्ति वेबसाइट https://epds.haryanafood.gov.in/account/lpg लिंक पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकता है।

## गंदगी फैलाने पर नगर निगम सख्त, अलग अलग मामलों में किए 220 चालान

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अलग-अलग जॉन में सफाई विभाग द्वारा खुले में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित दो दिन में लगभग 220 चालान किए हैं। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और नियम तोड़ने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। नगर निगम सेकेट्री जयदीप सिंह ने बताया कि सफाई विभाग ने अलग अलग जॉन में अपनी टीम के माध्यम से नगर निगम के एनआईटी 86 बड़खल क्षेत्र में 40,एनआईटी 87 में 56 चालान ,ओल्ड जॉन- 1 में 42 और ओल्ड जॉन 2 में 52 चालान और बल्लभगढ़ जॉन में 30 चालान किए गए हैं, निगम द्वारा गंदगी फैलाने और अन्य कई प्रकार के चालान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। निगम सेकेट्री ने लोगों से अपील की है कि खुले में जगह जगह कूड़ा न डालें और प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से बचे,ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## पुलिस उपायुक्त ने पुलिस कर्मचारियों को दिलवाई मतदान की शपथ

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** जैसा की विदित है कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को *मतदान दिवस* मनाया जाता है। जिस अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों व कर्मचारियों द्वारा निर्भिक होकर अपने मतदान का प्रयोग करने के लिए शपथ ली जाती है। इसी क्रम में आज 24 जनवरी को फरीदाबाद पुलिस के कर्मचारियो द्वारा भी अपने मत का प्रयोग करने के लिए शपथ ली गई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र में मतदाता की अह्म भूमिका होती है। 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाता, मतदान करके अपने पंसद की सरकार चुनते हैं। ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते पुलिस कर्मचारियों को भी अपने मताधिकार का निर्भिक व निष्पक्ष होकर प्रयोग करना चाहिए। देश में 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी, तभी से हर साल देश में राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाया जाता है। उन्होनें आगे जानकारी देते हुए बतलाया कि जिला फरीदाबाद में थाना, चौकी व कार्यालय स्तर पर पुलिसकर्मियों ने मतदान दिवस के उपलक्ष पर शपथ ली है, पुलिस उपायुक्त ह्ढ्ढज्ञ कुलदीप सिंह ने पुलिस कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## संपादकीय

# नक्सलियों के खिलाफ मुहिम के मिलने लगे हैं नतीजे



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

आमतौर पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपने पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षाबलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाए हैं और एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं। देखा जाए तो चाहे अंतर्राष्ट्रीय थल या समुद्री सीमा से सटे प्रदेश हों या हमारे आंतरिक प्रदेश, यहां पर नक्सलियों, आतंकवादियों और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की मौजूदगी और उनके माफ़र्त जब-तब होते रहने वाली हिंसात्मक घटनाएं एक ओर जहां शासन व्यवस्था और अमनपसंद लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर धनी लोगों के भयादोहन का कारण भी बनती हैं। चूंकि अवैध मानव व वस्तु तस्करी, ड्रग्स सिंडिकेट, अवैध हथियारों के कारोबार, फिरौती, विवादास्पद सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त आदि से इनके तार जुड़े होते हैं, इसलिए सफेदपोश नेताओं-समाजसेवियों-कथित अधिकारियों-उद्योगपतियों आदि के माध्यम से इनके सरगना भी परस्पर मिले हुए होते हैं। आम धारणा रही है कि इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दलों और स्थानीय नेताओं से इनकी गुप्त सांठगांठ रहती है! और यही इनके तार कथित राष्ट्रीय नेताओं और अर्बन नक्सलियों-अपराधियों-आतंकवादियों के सिंडिकेट तक से जोड़ते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी सियासी कारणों के चलते इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर उत्तर-पूर्वी राज्यों की आतंकी घटनाएं हों, या झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार की नक्सली घटनाएं, या फिर बड़े महानगरों से लेकर जिलास्तरीय शहरों की अंडरवर्ल्ड वारदातें, इनके तार परस्पर जुड़े बताए जाते हैं। कहना न होगा कि इनमें से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मजबूती के पीछे भी इनकी राष्ट्रविरोधी सोच होती हैं, जिन्हें बरास्ता नेपाल, पाकिस्तान व चीन का भी संरक्षण हासिल होता है। वहीं, कांग्रेस समेत कई बड़े क्षेत्रीय दल भी इनके नेक्सस के समक्ष घुटने टेक चुके हैं। जबकि इन सभी बातों से उलट केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी भाजपा नीत एनडीए की सरकार और उड़ीसा-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की भाजपा प्रदेश सरकारों की संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से प्रोत्साहित होकर सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलियों-दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का जो बीड़ा उठाया है, उसकी एक झलक ताजा कार्रवाई से मिलती है। एक साल पहले गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को जो हरी झंडी दी थी, उसके तहत एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है। उनकी राजनीतिक इच्छा शक्ति और सटीक रणनीति का ही यह तकाजा है कि हाल ही में 14 नक्सली एक मुठभेड़ में मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक साल पहले 21 जनवरी 2024 को गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेतृत्व एवं सुरक्षा बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की थी, जिसमें नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को हरी झंडी दी थी। वहीं, छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के विपरीत नवनियुक्त विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस रोडमैप को अमली जामा पहनाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित की, जिसका बेहतर नतीजा सबके सामने है।

# घरेलू सिलेंडर 500 रुपए में लेने के लिए बीपीएल राशन कार्ड धारक उपभोक्ता जल्द करवाएं रजिस्ट्रेशन : कुशलपाल बुरा

## खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बुचावास राशन डिपो भी चेक किया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के लिए जारी की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो पात्र परिवारों को इसका लाभ मिले जिसे लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर मॉनिटरिंग की जा रही है जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कुशल पाल बुरा ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना के अनुसार गरीब परिवार 500 रुपए में गैस सिलेंडर भरवाने के लिए सीएससी पर जाकर शीघ्रता से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा ले उन्होंने विभाग के अधिकारियों से बैठक कर इस बारे में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए उन्होंने कनीना विकासखंड के गांव बुचावास में राशन डिपो की जांच करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गरीब लोगों को गेहूं बाजरे का निशुल्क वितरण किया जा रहा है जबकि सरसों का तेल 20 रुपए प्रति लीटर और चीनी 13.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से दी जा रही है प्रदेश सरकार द्वारा गरीब एवं बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं बीपीएल कार्ड धारको को सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ मिल सके इसके लिए पात्र परिवार आगामी 31 जनवरी तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है उन्होंने राशन डिपो धारकों और खाद्य आपूर्ति अधिकारियों को भी निर्देश दिए विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को गांव बुचावास में जागरूकता अभियान भी चलाया जिसका नेतृत्व डीएफएससी कुशल पाल बुरा, खाद्य पूर्ति विभाग के निरीक्षक ध्यान सिंह यादव ने किया। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लघु सचिवालय में आनलाइन ड्रा निकालकर 65 परिवारों को सौंपे गए सौ-सौ गज के प्लॉट



### प्रथम चरण में नूंह खंड के टांई गांव के लोगों को वितरित किए प्लाट : अमित पूनिया

### गरीब लोगों को प्लाट वितरित करने पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नूंह जिले में प्रथम चरण के दौरान नूंह खंड के टाई गांव के लोगों को ऑनलाइन ड्रा निकालकर सौ सौ गज के प्लाट वितरित किए गए। नूंह लघु सचिवालय में जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद,सीईओ अमित पुनिया , जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की मौजूदगी में यह ड्रा निकाला गया। जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण के दौरान नूंह के गांव टांई को चिन्हित किया गया और गांव के लोगों से आवेदन लिए गए। उन्होंने कहा कि टांई गांव के 65 लोगों ने आवेदन किया, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम थी। उन्हीं से आवेदन लिए गए हैं। अमित पूनिया ने बताया कि इस दौरान हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत गरीब लोगों को 100 -100 गज के प्लॉट वितरित किए गए हैं और टांई गांव के सभी लोगों को गांव में पंचायत की पूरी जमीन होने पर सभी के लिए ड्रा के माध्यम से 100-100 गज के प्लांट आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि डीटीपीओ द्वारा बीपीएल कालोनी को विकसित करने के लिए पूरी तैयारियां की जा रही है। गरीब लोगों को वहां पर सभी सुविधाएं मिले उसके लिए सरकार का पूरा प्रयास रहेगा।

इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री जो कहते हैं वही करते हैं। उनकी करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि पहले की सरकारों में 100-100 गज के प्लांट तो दे दिए गए थे, लेकिन उन्हें कब्जा आज तक भी नहीं मिला है। जिससे गरीब लोग आज तक भी कब्जा लेने के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि टांई गांव के लोगों को 65 प्लॉट वितरित की गई है और सभी को जल्द से जल्द उनकी रजिस्ट्री कराकर कब्जा सौंप दिया जाएगा। इतना ही नहीं वहां पर जिला प्रशासन की ओर से सभी सुविधाएं इन लोगों को सरकार द्वारा देने का काम किया जाएगा। इस दौरान टांई गांव के लोगों के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला परिषद की ओर से जाहिद हुसैन, धर्म सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# फसलों के खराबे के मुआवजा वितरण में देरी को लेकर आफताब अहमद चिंतित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** दो साल पहले नूंह जिले में बरसात इत्यादि से खराब हुई फसलों के मुआवजा वितरण में लगातार हो रही देरी को लेकर आफताब अहमद विधायक कांग्रेस पूरी तरह से गंभीर दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस नेता ने इसके लिए एक बार नहीं बल्कि कई बार राजस्व एवं आपदा विभाग के वित्त आयुक्त अनुराग रस्तोगी सहित उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से न केवल मुलाकात की है बल्कि पत्राचार भी किया है। शुक्रवार को कांग्रेस विधायक आफ़ताब अहमद ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा नूंह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता आफताब अहमद ने कहा कि वर्ष 2022 का खराब फसलों का मुआवजा लगभग 32 करोड़ था। जिसमें से अभी तक भी 10 करोड रुपए के मुआवजे का वितरण नहीं हो पाया है। इसको लेकर वह लगातार आला अधिकारियों के संपर्क में हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात के बाद आफताब अहमद ने कहा कि आगामी 15 फरवरी तक मुआवजा वितरण करने का भरोसा प्रशासनिक अधिकारियों ने दिया है। उन्होंने बताया कि बकाया करीब 10 करोड रुपए के मुआवजा में से अधिकतर मुआवजा नूंह विधानसभा के अंतर्गत आने वाले नूंह तथा इंडरी खंड के गांव का है। कांग्रेस नेता ने मुआवजा वितरण में लगातार हो रही देरी के लिए भारतीय जनता पार्टी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की नियत मुआवजा वितरण को लेकर ठीक नहीं है। इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी लेट लतीफी की है। यही वजह है कि अभी तक भी किसानों को उनकी खराब फसलों का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इसके अलावा इस साल हुई बरसात व जलभराव की वजह से भी बहुत से इलाकों में फसलें खराब हुई हैं, हजारों एकड़ भूमि में बिजाई तक भी नहीं हो पाई। सरकार को किसानों की समस्या के प्रति गंभीर होना चाहिए, जबकि ऐसा कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। कुल मिलाकर कांग्रेस विधायक आफताब अहमद किसानों के मुआवजा वितरण को लेकर पिछले काफी समय से एक्टिव मोड में हैं और इसको लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। आला अधिकारियों से बातचीत के बाद आशंका जताई जा रही है कि फरवरी माह के मध्य तक किसानों को बकाया मुआवजा राशि जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा वितरित कर दी जाएगी।

# 3 आरोपियों को 10 वर्ष का कारावास

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** छीनाझपटी के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप चौहान की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर 3 आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर आरोपियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 की 17 जून को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी सैक्टर-93 में शिकायत दी कि वह बीती रात सिकंदरपुर बढ़ा से गांव बामडौली जा रहा था।

जब वह बामडोली के निकट गंदे नाले के करीब पहुंचा तो 3 युवक बाईक पर सवार होकर आए और उससे उसका मोबाईल छीनकर ऑनलाईन रुपए ट्रांसफर कर लिए। उसका मोबाईल भी छीनकर आरोपी वहां से फरार हो गए। सैक्टर 10 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों गुलफाम, अंकित व नितिन को गिरफ्तार कर जिला जेल भेज दिया था। मामले की अदालत में सुनवाई चली। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपियों पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय कनीना में 26 जनवरी को आयाजित होने वालेगणतंत्र दिवस की शुक्रवार को आज फुल ड्रेस, फाइनल रिहर्सल की गई। जिसमें एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कनीना के उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह मुख्यातिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे। एसडीएम जितेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समारोह की भव्यता के लिए पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। भारतीय नागरिक मिलकर हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय पर्व को मनाते हैं। उन्होंने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के टीम के इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे बच्चों का लगातार अभ्यास करवाते रहें। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय निश्चित होना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुती दी। इस अवसर पर डीएसपी दिनेश कुमार, तहसीलदार संजीव नागर, विश्वेश्वर कौशिक बीईओ, विक्रम सिंह, हरिओम भारद्वाज, डीएसआर अनिल कुमार,कानूनगो उम्मेद सिंह जाखड़ के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपसथित थे।

# सूचना आयुक्त ने पूर्व सरपंच पर ठोका 25 हजार का जुर्माना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव रसूलपुर निवासी वार्ड 4 के पंचायत सद्स्य रामसिंह यादव द्वारा गांव के पूर्व सरपंच से मांगी गई आरटीआई का जवाब न देने के आरोप में पंचकूला सथित राज्य सूचना आयुक्त प्रदीप शेखावत ने सरपंच उमेद सिंह पर 25 रूपये का जुर्माना ठोका है। रामसिंह यादव ने आरटीआई सम्बंधी कागजात पेश करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में सरपंच से गांव के विकास कार्यो के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी थी। जिसे नियत समय में उपलब्ध नहीं करवाई गई। जिसके चलते प्रार्थी ने सक्षम अथोरिटी को अपील की। वहां पर भी सूचना न मिलने के चलते मामला राज्य सूचना आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां अपील केस नम्बर 7595-2019 में आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 20(1) के तहत 2019 एवं 2022 में तत्कालीन सरपंच उमेद सिंह व करण सिंह ग्राम सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। गांव की सरपंच सुरेखा व ग्राम सचिव राजपाल की उपसथिति में बीती 21 नवंबर 2024 को सुनवाई की गई। जिसमें उन्होंनें आयोग को बताया कि अपीलकर्ता को अपेक्षित जानकारी प्रदान कर दी गई है। आयोग द्वारा उठाए गए सवाल पर एसपीआईओ राजपाल ने कहा कि ग्राम सचिव करण सिंह का स्थानांतरण हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रतिवादी उमेद, तत्कालीन सरपंच एवं उसका प्रतिनिधि आयोग के समक्ष उपसथित नहीं हुआ। नियत समय पर आरटीआई उपलब्ध करवाना उनके लापरवाह रवैये को स्पष्ट रूप से इंगित करता है। आयोग ने आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 20 (1) के प्रावधानों के अनुसार तत्कालीन सरजंच उमेद सिंह पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिसे 26 नवंबर तक अदा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बवाना में रागनी कंपीटीशन 26 को

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव सेहलंग-बवाना रोड के समीप बाबा फुट्टा वाले प्रांगण में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर रागनी कंपीटीशन का आयोजन किया जायेगा। दिलावर सिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित होने वाले इस कंपीटीशन में रागनी गायक सुरेश गोला, संध्या चैधरी, कोमल रंगीली,सासेनू शेखावटी, मंजू यादव देशभक्ति से ओतप्रोत रागनियों की प्रस्तुती देगीं।

# 25 वर्षीय महिला नवजात पुत्री के साथ हुई लापता, केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के एक गांव से 25 वर्षीय महिला 7 माह की नवजात बच्ची के साथ लापता हो गई। इस बारे में जितेंद्र ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो लडकियां हैं। बडी दो वर्ष की है तथा छोटी 7 माह की है। उसकी पत्नी 22 जनवरी को छोटी लडकी के साथ अक्समात लापता हो गई। उन्होंने पडौसी व्यक्ति चंद्रकांत पर महिला को अज्ञात स्थान पर छुपाकर रखने का संदेह जताया है। पुलिस ने महिला एवं बच्ची की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 23 शख्सियात को किया जाएगा सम्मानित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गत विधानसभा चुनाव के दौरान विशेष सेवाएं देने वाले जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को कल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर जिला प्रशासन ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला उपयुक्त कम जिला चुनाव अधिकारी विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार गत विधानसभा चुनावों के सफल आयोजन में रात व दिन सेवाएं देकर अहम योगदान देने वाले जिले के 23 व्यक्तियों को इस मौके पर प्रशंसनीय पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि सुरेंद्र बजाड डीआईपीआरओ, कासिम खान जर्नलिस्ट, शौकीन कोटला जर्नलिस्ट, कुसुम मलिक एफएलएन कॉर्डिनेटर, सुधीर कुमार प्रधानाचार्य, इंद्रजीत ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर, मुहम्मद आरिफ सीनियर मैनेजर, मुहम्मद शुऐब जूनियर मैनेजर, सत्यप्रकाश लेक्चरर, अनीस अहमद जेबीटी व खालिद मेवाती घासेड़ा डीईओ कम क्लर्क शिक्षा विभाग समेत जिले के कुल 23 कर्मचारियों व अधिकारियों को एजाज से नवाजा जाएगा।

# नूंह श्रम विभाग कार्यालय पहुंची जांच के लिए एसआईसी की टीम, टीम के पहुंचते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया

## कर्मचारी प्रतिकर (कंपनसेशन) स्कीम के तहत नूंह में करोड़ों का घोटाला होने की सम्भवना

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में शुक्रवार को सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अब्दुल मजीद की अध्यक्षता में विशेष जांच समिति (एसआईसी) की एक टीम नूंह के श्रम विभाग कार्यालय पहुंची। टीम के पहुंचते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम ने संबंधित अधिकारियों को समस्त रिकॉर्ड को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। आप को बता दें कि मंत्री अनिल विज के निर्देश पर हुई जांच नूंह और गुरुग्राम में औद्योगिक कंपनियों में फर्जी घटनाओं को दिखाकर गलत दावे आवेदन प्रस्तुत करके बीमा कंपनियों से मुआवजा लेने लगातार मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए श्रम मंत्री अनिल विज ने जांच के लिए एक विशेष जांच समिति (एसआईसी) का गठन किया था। जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2021 से वर्ष 2024 तक नूंह और गुरुग्राम में औद्योगिक कंपनियों में फर्जी घटनाओं को दिखाकर कर्मचारी प्रतिकर (कंपनसेशन) अधिनियम, 1923 के तहत गलत दावे आवेदन प्रस्तुत करके बीमा कंपनियों से मुआवजा लिया गया था। इन आवेदनों की जांच के लिए बीते 10 जनवरी को सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अब्दुल मजीद की अध्यक्षता में एक विशेष जांच समिति को गठित किया गया। जो आज जांच करने के लिए नूंह पहुंची।



विशेष जांच समिति के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल मजीद ने बताया कि नूंह और गुरुग्राम में 2021 से 2024 तक फर्जी तरीके से बीमा कंपनियों से मुआवजा लेने की याचिका पर उन्हें इसकी जांच करने का जिम्मा सौंपा गया है। जांच के दायरे में जितनी भी फाइलें है उनकी जांच शुरू कर दी गई है। उसी के लिए आज नूंह के श्रम विभाग के कार्यालय में जांच की गई है। संबंधित अधिकारियों रिकॉर्ड पूरा करने के साथ ही फाइलों की पेजमार्किंग करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि नूंह में अन्य राज्यों की फ़ाइल काफी ज्यादा है। करीब 800 फाइलों की जांच करेगी टीम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2021 से 2024 तक करीब 800 ऐसी फ़ाइल है जिनमे फर्जी तरीके से बीमा कंपनियों से मुआवजा लिया गया है। इनमे उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा सहित अन्य राज्यों को मुआवजा दिया गया है। सूत्र यहां तक बताते है कि किसी अन्य राज्यों में अगर किसी व्यक्ति के साथ कोई दुर्घटना हुई थी तो उसका मेडिकल नूंह में कराकर फर्जी तरीके मुआवजा लिया गया है। जिन्हे नोटिस दिया गया है उनमें डॉक्टर और पुलिस कर्मचारी भी शामिल है। जिसकी जांच अब टीम को करनी है। अगर इस पूरे मामले की जांच हुई तो नूंह में करोड़ो का घोटाला सामने आ सकता है। डॉ. अब्दुल मजीद ने साफ़ कर दिया है कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसे बक्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा जांच के दायरे में आने वाले काफी लोगों को नोटिस भेज दिया गया है। जिसमे नूंह ,पुन्हाना और फ़िरोजुर झिरका के कर्मचारी भी शामिल है। जो बचे हुए है उनको भी नोटिस दिया जायेगा।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### वांग यी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामले के सलाहकार के साथ वार्ता की



**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 21 जनवरी को पेइचिंग में बांलादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामले पर सलाहकार तौहीद हुसैन के साथ वार्ता की। वांग यी ने कहा कि वर्तमान वर्ष चीन बांग्लादेश राजनयिक संबंध स्थापना की 50वीं वर्षगांठ है और चीन बांग्लादेश जन आवाजाही वर्ष भी है। चीन बांग्लादेश के साथ परंपरागत मित्रता बनाए रखकर रणनीतिक संवाद मजबूत करना, व्यावहारिक सहयोग गहराना, गुणवत्ता से बेल्ट एंड रोड का सहनिर्माण करना चाहता है ताकि चीन बांग्लादेश सर्वांगीण रणनीतिक सहयोग साझेदारी के विकास को बढ़ावा मिले। चीन बांग्लादेश द्वारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता, प्रभुसत्ता और स्वाभिमान की सुरक्षा करने और अपनी स्थिति से मेल खाने वाला विकास का रास्ता निकालने का समर्थन करता है। तौहीद ने कहा कि चीन के प्रति मैत्रीपूर्ण संबंध बरकरार रखना बांग्लादेश की विभिन्न पार्टियों का समान विचार है, जिसे सरकार और जनता का समर्थन मिला है। बांग्लादेश चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध नई मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है।

### जर्मनी में अफगान व्यक्ति ने चाकू से किया हमला, बच्चे समेत दो लोगों की मौत; आरोपी गिरफ्तार

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक अफगान व्यक्ति ने चाकू से हमला कर बच्चें समेत दो लोगों की हत्या कर दी। साथ ही इस हमले में तीन लोग के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। मारे गए लोगों में एक दो साल का बच्चा और 41 साल का एक जर्मन व्यक्ति शामिल है। वहीं बात अगर घायल व्यक्तियों की करें तो हमले में एक 72 साल का जर्मन व्यक्ति, 59 साल की जर्मन महिला और 2 साल की सीरियाई लड़की भी घायल हो गई। दक्षिणी जर्मनी के असचफेनबर्ग में एक पार्क में हुए इस चाकू कांड का हमलावर अब पुलिस के गिरफ्त में है। हमलावर की पहचान को लेकर पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर एक 28 साल का अफगान व्यक्ति था, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि हमले के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध मानसिक रूप से बीमार हो सकता है। उसने पहले भी हिंसक अपराधों के लिए पुलिस का ध्यान खींचा था और उसे इलाज दिया गया था। वह नवंबर 2022 में जर्मनी आया था और शरण मांगी थी, लेकिन उसे पिछले महीने देश छोड़ने के लिए कहा गया था। गौरतलब है कि यह हमला उस समय हुआ है जब जर्मनी पहले से ही एक अन्य हमले के कारण अलर्ट पर था, जिसमें एक ड्राइवर ने क्रिसमस बाजार में कार घुसाकर छह लोगों को मार डाला और लगभग 300 को घायल कर दिया। इस घटना ने जर्मनी में प्रवासन नीति को लेकर और कड़े कदम उठाने की मांग को बढ़ा दिया है।

### ट्रम्प सरकार के पहले दिन 308 अवैध प्रवासी गिरफ्तार: इन पर हत्या, रेप, किडनैपिंग के आरोप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार संभालने के पहले दिन (मंगलवार) इमीग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट (ढ्ढष्टश्व) ने 308 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक सीमा सुरक्षा अधिकारी टॉम होमन ने यह खुलासा किया है। ये गिरफ्तारियां देश के हर हिस्से से हुई हैं। इन अवैध प्रवासियों में से ज्यादातर अपराधी हैं। इनमें से कुछ पर अपहरण, हत्या और बलात्कार के आरोप हैं। होमन ने बुधवार को कहा कि इमीग्रेशन अधिकारियों ने उन अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है जो देश के लिए खतरा पैदा करते हैं। इनकी आबादी 7 लाख से ज्यादा है। बांग्ला अखबार प्रथोम अलो की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन पकड़े गए लोगों में 4 बांग्लादेशी नागरिक हैं। इन्हें न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बरो फुल्टन इलाके से गिरफ्तार किया गया है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने के लिए देशभर में छापेमारी जारी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कई राज्यों में छापेमारी जारी है और बड़े पैमाने पर अप्रवासियों से पूछताछ की जा रही है। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ ही दिन बाद ट्रम्प ने इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट के पूर्व प्रमुख टॉम होमन को 'बॉर्डर जार(सीमा सुरक्षा अधिकारी)' नियुक्त किया था। होमन ने पिछले सप्ताह ऐलान किया था कि ट्रम्प के शपथ ग्रहण के अगले दिन वे देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करेंगे और हिना दस्तावेज वाले अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करेंगे। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने कई एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए। इनमें से अवैध प्रवासियों की एंट्री रोकने और सीमा पर सुरक्षा कड़ी करने जैसे आदेश थे। ट्रम्प ने शपथ के दौरान भी अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही थी।

# माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना हुआ 36 फीसदी महंगा, नेपाल ने बढ़ाई फीस

**काठमांडू, एजेंसी।** अधिकारियों ने बताया कि नेपाल ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए परमिट शुल्क में 36 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है. दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर कचरा प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कई उपाय भी शुरू किए हैं. संशोधित पर्वतारोहण नियमों के तहत, वसंत ऋतु (मार्च-मई) में सामान्य दक्षिण मार्ग से एवरेस्ट पर चढ़ने वाले विदेशियों के लिए रॉयल्टी शुल्क मौजूदा 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर 15,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है.

शरद ऋतु (सितंबर-नवंबर) के लिए चढ़ाई शुल्क 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7,500 अमेरिकी डॉलर हो गया है. वहीं, सर्दियों (दिसंबर-फरवरी) और मानसून (जून-अगस्त) के लिए प्रति व्यक्ति परमिट शुल्क 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3,750 अमेरिकी डॉलर हो गया है. पर्यटन बोर्ड की निदेशक आरती नेउपाने ने कहा कि इस संबंध में मंत्रिमंडल का निर्णय पहले ही हो चुका है, हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी होनी है. उन्होंने कहा कि 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ने के लिए नई फीस 1 सितंबर, 2025 से लागू होगी. मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित संशोधित नियम नेपाल राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद प्रभावी हो जाएंगे. हालांकि, उन्होंने कहा कि एवरेस्ट पर चढ़ने के इच्छुक नेपाली पर्वतारोहियों के लिए रॉयल्टी को




मौजूदा 75,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर शरद ऋतु के लिए 150,000 रुपये कर दिया जाएगा. पिछली रॉयल्टी फीस में संशोधन 1 जनवरी, 2015 को किया गया था, जब सरकार ने समूह-आधारित प्रणाली से सामान्य मार्ग से वसंत ऋतु के लिए प्रति पर्वतारोही 11,000 अमेरिकी डॉलर के एक समान शुल्क पर स्विच किया था. पहले 75 दिनों के लिए वैध चढ़ाई परमिट अब 55 दिनों तक सीमित रहेंगे. काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वैधता में कमी का उद्देश्य चढ़ाई गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है. पर्यटन मंत्रालय की संयुक्त सचिव इंदु घिमिरे ने कहा कि वसंत 2025 अभियान के लिए पहले से ही पुष्टि की गई बुकिंग इस बदलाव से प्रभावित नहीं होगी.

घिमिरे के अनुसार, नियमों में कचरा प्रबंधन, उच्च ऊंचाई वाले श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और सरकारी राजस्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. संशोधित नियमों के अनुसार, आगामी वसंत ऋतु से, एवरेस्ट पर्वतारोहियों को अपने मल को उचित निपटान के लिए बेस कैंप में वापस लाना होगा. पर्वतारोहियों को ऊपरी इलाकों में कचरा इकट्ठा करने के लिए बायोडिग्रेडेबल बैग ले जाना चाहिए. बेस कैंप में आमतौर पर अभियान के दौरान मानव अपशिष्ट एकत्र करने के लिए बैरल के साथ शौचालय टेंट होते हैं. हालांकि, उच्च शिविरों में, केवल कुछ एजेंसियां ही ऐसी सुविधाएं प्रदान करती हैं, जबकि अन्य गड्ढों पर निर्भर हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत कम पर्वतारोही शिखर से अपशिष्ट परिवहन के लिए बायोडिग्रेडेबल बैग का उपयोग करते हैं. पिछले वसंत में, खुंबू पासंग ल्हामू ग्रामीण नगर पालिका की स्थानीय सरकार ने कचरा मुद्दे को संबोधित करने की अपनी पहल के हिस्से के रूप में बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट बैग के उपयोग को लागू किया. इसने 1,700 पूप बैग बेचे. यह पहल अब 8,000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाले पर्वतारोहियों के लिए अनिवार्य कर दी गई है. अनिवार्य अपशिष्ट संग्रह एवरेस्ट क्षेत्र में पर्यावरण क्षरण को संबोधित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है. पर्वतारोही लंबे समय से अस्थिर प्रथाओं पर निर्भर रहे हैं, दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों में से एक में त्यागे गए ऑक्सीजन कनस्तरों, परित्यक्त टेंट, खाद्य पैकेजिंग और मानव अपशिष्ट सहित कचरा जमा करते हैं. ऐसी प्रथाओं ने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को धूमिल किया है. स्थानीय समुदायों के लिए स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा किए हैं. नए नियमों के अनुसार, पर्वतारोहियों को पर्यटन विभाग द्वारा जारी किए गए उनके परमिट दस्तावेजों में सूचीबद्ध नहीं की गई वस्तुओं को ले जाने से रोक दिया गया है. पिछले साल के वसंत पर्वतारोहण के मौसम के दौरान, शुल्क देने वाले व्यक्तियों के लिए 421 परमिट जारी किए गए थे. 200 विदेशियों सहित लगभग 600 पर्वतारोही शिखर पर पहुंचे।

## व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर स्पेनिश भाषा का पेज बंद, ट्रंप प्रशासन के फैसले से हिस्पैनिक समुदाय में निराशा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों के भीतर, नए प्रशासन ने आधिकारिक व्हाइट




हाउस वेबसाइट के स्पेनिश-भाषा के पेज को हटा दिया। इस साइट के स्पेनिश पेज पर जाने पर यूजर्स को एरर 404 मैसेज मिलता है। इसमें एक गो होम बटन भी शामिल था जो यूजर को ट्रंप के पहले कार्यकाल और अभियान के दौरान के वीडियो मोंटाज वाले पेज पर ले जाता था। बाद में बटन को गो टू होम पेज में अपडेट किया गया जो यूजर को व्हाइट हाउस के होमपेज पर ले जाता है। व्हाइट हाउस के स्पेनिश एक्स अकाउंट को भी बंद कर दिया गया है। इस बीच, श्रम, न्याय और कृषि विभाग जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के स्पेनिश संस्करण मंगलवार को यूजर्स के लिए उपलब्ध रहे। अमेरिका स्पेनिश भाषा बोलने वाला हिस्पेनिक समुदाय इससे निराश है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिस्पैनिक ग्रुप्स और अन्य लोगों ने अचानक हुए बदलाव पर भ्रम व्यक्त किया और प्रशासन द्वारा लैटिनो समुदाय के साथ संवाद बनाए रखने के प्रयासों की कमी पर निराशा जाहिर की। ऐसा माना जाता है कि हिस्पैनिक समुदाए ने इस बार चुनाव में ट्रंप को बड़े स्तर पर समर्थन दिया है। 2023 की जनगणना ब्यूरो के अनुमान के अनुसार, लगभग 43.4 मिलियन अमेरिकी [5 वर्ष और उससे अधिक आयु की अमेरिकी आबादी का 13.7प्रतिशत घर पर स्पेनिश बोलते हैं। अमेरिका की कोई आधिकारिक भाषा नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिवर्तनों के बारे में पूछे जाने पर, व्हाइट हाउस के प्रमुख उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने मंगलवार को जवाब दिया कि प्रशासन वेबसाइट के स्पेनिश अनुवाद अनुभाग को फिर से ऑनलाइन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। फील्ड्स ने बिना विस्तार से बताए कहा, यह दूसरा दिन है। हम व्हाइट हाउस की वेबसाइट को विकसित करने, संपादित करने और उसमें सुधार करने की प्रक्रिया में हैं। इस चल रहे काम के हिस्से के रूप में, वेबसाइट पर संग्रहीत कुछ सामग्री निष्क्रिय हो गई थी।

## ट्रंप का आदेश, 25,000 से अधिक अफगान शरणार्थियों का भविष्य अंधेरे में


**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शरणार्थी कार्यक्रम को निलंबित करने का कार्यकारी आदेश जारी किया है। उनके इस कदम ने पाकिस्तान में रहने वाले हजारों अफगानों के भाग्य पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। अमेरिकी शरणार्थी कार्यक्रम के तहत अफगानिस्तान से भागकर पाकिस्तान में रह रहे 25,000 से अधिक अफगान नागरिकों को अंततः अमेरिका में बसाया जाना था। ये वे लोग थे जो तालिबान शासित अफगानिस्तान से भागकर पाकिस्तान में आए थे और वर्षों से अमेरिका में पुनर्वास का इंतजार कर रहे थे। पाकिस्तान सरकार और बाइडेन प्रशासन के बीच हुए समझौते के अनुसार, दोनों देशों के बीच यह सहमति बनी थी कि 25,000 से अधिक अफगानों - को बाद में अमेरिका में बसाया जाएगा। इनमें से अधिकांश ने अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल की सत्ता पर कब्जे से पहले अमेरिकी सेना और उसके ठेकेदारों के साथ काम किया था इस्लामाबाद को शुरू में उम्मीद थी कि यह समझौता अफगान नागरिकों के देश में अस्थायी प्रवास के लिए होगा। हालांकि, पिछले साढ़े तीन वर्षों से इस पर कोई प्रगति नहीं हुई है। वरिष्ठ रणनीतिक विश्लेषक कामरान यूसुफ ने कहा, बाइडेन प्रशासन ने पाकिस्तान को आश्वासन दिया था कि विशेष अप्रवासी वीजा (एसआईवी) और अमेरिकी शरणार्थी प्रवेश कार्यक्रम (यूएसआरएपी) जैसी पहलों के माध्यम से अफगानों को फिर से बसाया जाएगा।

# राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प का पहला इंटरव्यू: कहा- मैंने बाइडेन की तरह अपने लोगों को माफी नहीं दी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद बुधवार को पहला इंटरव्यू दिया। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में बाइडेन सरकार पर कई तंज किए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लोगों को बाइडेन की तरफ राष्ट्रपति रहते माफी नहीं दी। ट्रम्प ने कहा कि जब मैं पहली बार राष्ट्रपति था तो मेरे कार्यकाल के अंतिम दिनों में मुझसे से भी पूछा गया था कि क्या मैं खुद को और अपने लोगों को माफी देना चाहूंगा?

ट्रम्प ने कहा- तब मैंने कहा कि मैं किसी को माफ नहीं करूंगा, हमने कुछ भी गलत नहीं किया। हमारे लोगों ने कई तकलीफें झेली, वे बहादुर देशभक्त हैं। दरअसल जो बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते अपने बेटे हंटर, भाई जेम्स और उनकी पत्नी सारा, भाई फ्रांसिस, बहन वेलेरी और उनके पति जॉन ओवेन्स को माफी दे दी थी। बाइडेन का कहना था कि सिर्फ उन्हें परेशान करने के लिए उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है।

ट्रम्प से जब पूछा गया कि उन्हें राष्ट्रपति ऑफिस में वापस लौटकर कैसा लग रहा है। इस पर उन्होंने कहा यहां बहुत काम बाकी था। अगर मैं 2020 में दोबारा राष्ट्रपति बन जाता तो बहुत सारा काम तब ही खत्म हो जाता। ट्रम्प ने आगे कहा अगर मैं 2020 में भी राष्ट्रपति बनता तो हमारे देश में महंगाई नहीं होती, अफगानिस्तान जैसा संकट नहीं होता, 7 अक्टूबर को इजराइल जैसी घटना नहीं होती और यूक्रेन में युद्ध नहीं होता। हमें अमेरिका की बहुत सी परेशानियों का हल ढूंढना है



राष्ट्रपति ट्रम्प ने अमेरिकी संसद में अपनी रिपब्लिकन पार्टी का हवाला देते हुए कहा कि हमें अमेरिका की बहुत सारी परेशानियां का हल ढूंढना है और इनका हल ढूंढा भी जा सकता है। इसके लिए बस समय, मेहनत और पैसे की जरूरत होगी। उन्होंने कहा- अगर हम यह चुनाव हार गए होते तो हमारा देश हमेशा के लिए खो गया होता। अब हम अपना देश वापस पा सकते हैं। ट्रम्प ने कहा हमें उन शहरों को दी जाने वाली धनराशि में कटौती करनी पड़ेगी जो अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के कानून को लागू करने में हमारी सरकार की मदद नहीं कर रहे हैं। मुझे सच में ऐसा करना पड़ सकता है। कभी-कभी यही एकमात्र तरीका होता है जो हम कर सकते हैं। ट्रम्प ने टिकटॉक से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को खारिज किया टिकटॉक ऐप से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को खारिज करते हुए ट्रम्प ने कहा- आप चीन में बनी हर चीज के बारे में ऐसा कह सकते हैं। उन्होंने कहा- हमारे पास चीन में बनी बहुत सी चीजें हैं। विपक्षी उनका जिक्र क्यों नहीं करते? लेकिन ञ्जद्बद्वञ्जश्द्म के साथ दिलचस्प बात यह है कि इसके जरिए बहुत से युवाओं के साथ काम कर रहे हैं। अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने वाला बिल पास दूसरी तरफ अमेरिकी संसद में ट्रम्प की पार्टी को पहली विधायी जीत मिली है। अमेरिकी संसद कांग्रेस ने एक बिल को मंजूरी दे दी है। इसके तहत बिना अनुमति देश में घुसने वाले और कुछ अपराधों के आरोप में पड़के गए अप्रवासियों को हिरासत में लेकर डिपोर्ट करना जरूरी होगा। इस बिल का नाम जॉर्जिया राज्य के 22 साल छात्र के नाम पर लेकेन रिले एक्ट रखा गया है। पिछले साल वेनेजुएला के एक अवैध प्रवासी ने इस छात्र की रनिंग करते समय हत्या कर दी गई थी।

## एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन के बीच सोशल मीडिया पर स्टारगेट को लेकर छिड़ी बहस

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** एक्सएआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन एक्स पर भिड़ गए हैं। ये लड़ाई स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर अमेरिका में एआई के लिए कई डेटा सेंटर बनाएगी। दोनों कम्पनियों को उम्मीद है कि वे स्टारगेट के लिए शुरू में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी तथा अगले चार वर्षों में इस उद्यम में 500 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी। संयुक्त बयान में कहा गया, सॉफ्टबैंक और ओपनएआई स्टारगेट के प्रमुख भागीदार हैं, सॉफ्टबैंक के पास वित्तीय जिम्मेदारी है और ओपनएआई के पास परिचालन जिम्मेदारी है। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर कई पोस्ट में लिखा, वास्तव में उनके पास पैसा नहीं है। सॉफ्टबैंक ने 10 बिलियन डॉलर से कम की रकम सुरक्षित कर ली है। मुझे इस बारे में अच्छे स्रोत से जानकारी मिली है। ऑल्टमैन ने बुधवार को एक एक्स पोस्ट में मस्क पर पलटवार किया। मस्क के इस आरोप पर कि सॉफ्टबैंक के



पास पूंजी की कमी है, जवाब देते हुए ऑल्टमैन ने कहा, गलत जानकारी, और आप ये निश्चित रूप से जानते हैं। मुझे एहसास है कि जो देश के लिए अच्छा है वह हमेशा आपकी कंपनियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता लेकिन आपको जो नई जिम्मेदारी मिली है उससे मुझे उम्मीद है कि आप अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे। ओपनएआई की तरह एक्सएआई भी अपने एआई सिस्टम को विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे की तलाश में है। टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि मस्क की कंपनी ने मेम्फिस में अपने एकल डेटा सेंटर पर 12 अरब डॉलर खर्च किए हैं और सुविधा को अपग्रेड करने में अरबों डॉलर और खर्च कर सकती है। मस्क, जो ओपनएआई के शुरुआती निवेशक और बोर्ड के सदस्य हैं, ने पिछले साल ऑल्टमैन की कंपनी पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने लाभ कमाने के बजाय सार्वजनिक भलाई के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी अनुसंधान प्रयोगशाला के रूप में अपने संस्थापक उद्देश्यों के साथ विश्वासघात किया है।

## रूपर्ट मर्डोक के अखबार ने प्रिंस हैरी से माफी मांगी: कोर्ट के बाहर समझौता

**लंदन, एजेंसी।** प्रिंस हैरी ने मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक के अखबार द सन के साथ समझौता कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रिंस हैरी के वकील ने बुधवार को कहा कि द सन ने प्रिंस हैरी से उनकी निजी जिंदगी में दखल देने को लेकर माफी मांग ली है। इस माफीनामे के बाद प्रिंस हैरी और रूपर्ट मर्डोक के बीच लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई कोर्ट में सुनवाई शुरू होने से एक दिन पहले ही सुलझ गई है। बीबीसी के मुताबिक इस समझौते से प्रिंस हैरी को 100 करोड़ से ज्यादा की रकम मुआवजे के तौर पर मिलेंगे। मर्डोक की दो न्यूज कंपनी न्यूज ऑफ द वर्ल्ड और द सन पर आरोप था कि उन्होंने 1996 से 2011 के बीच प्रिंस हैरी का फोन हैक किया, गलत तरीके से उनकी निजी जानकारियां जुटाईं। हैरी ने आरोप लगाया था कि 200 से ज्यादा बार ऐसी खबरें छापी गईं, जिसमें उनकी निजी जानकारियों का जिक्र किया गया था। अखबार ने माना है कि यह गैरकानूनी था। न्यूज ऑफ द वर्ल्ड 2011 में बंद हो गई थी। लेडी डायना के लिए भी माफी मांगी ब्रिटिश अखबार ने प्रिंस हैरी की मां लेडी डायना के निजी जीवन में किए गए घुसपैठ के लिए भी माफी मांगी है। डायना की 1997 में पेरिस में एक कार हादसे में मौत हो गई थी। हादसे से पहले कई फोटोग्राफर प्रिंस डायना की तस्वीरें लेने के लिए उनका पीछा कर रहे थे। अखबार द सन ने माफी मांगते हुए बयान जारी किया- हम ड्यूक को हुई परेशानी, उनके रिश्तों, दोस्ती और परिवार को हुए नुकसान के लिए माफी मांगते हैं और उन्हें पर्याप्त हर्जाना देने के लिए तैयार हैं। हैरी बोले- 15 साल का इंतजार खत्म हुआ द सन के साथ प्रिंस हैरी का विवाद काफी समय से चल रहा था। अखबार ने उनकी गर्लफ्रेंड से लेकर ड्रग्स लेने तक हर चीज पर रिपोर्टिंग की थी। प्रिंस हैरी ने अपनी मां की मौत के लिए मीडिया को ही जिम्मेदार ठहराया था। हैरी ने कहा था- उनके (मीडिया) हाथ खून से सने हैं। प्रिंस हैरी ने कहा कि वह इस ऐतिहासिक जीत से बेहत खुश हैं। 15 साल का इंतजार अब खत्म हो गया है। टॉम वॉटसन बोले- हैरी ने बड़े जानवर का शिकार किया मर्डोक की कंपनी ने पूर्व सांसद टॉम वॉटसन से भी माफी मांगी है। लेबर पार्टी के नेता वॉटसन अब हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मेंबर हैं। वॉटसन 2009 से 2011 तक संसद में मर्डोक की न्यूज कंपनी की जांच कर रहे थे। इस दौरान ब्रिटिश अखबार ने वॉटसन की जासूसी की थी। टॉम वॉटसन ने कहा कि वे प्रिंस हैरी की 'बहादुरी और साहस' की तारीफ करते हैं।

## कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग: 10 हजार एकड़ इलाका जला; 50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10: 45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

**कैलिफोर्निया में पिछले 50 साल में 78 से ज्यादा बार लगी आग :** कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। हालांकि, बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के





पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजिलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ह्यूजेस फायर नामक यह आग बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10: 30 बजे लॉस एंजिल्स शहर से लगभग 80 किमी उत्तर-पश्चिम में कास्टेइक झील के पास लेक ह्यूजेस रोड के क्षेत्र में लगी. ये आग बड़ी तेजी से फैली और डेढ़ घंटे से भी कम समय में इस क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. मोटे सूखे पेड़ों से ईंधन मिलने तथा सांता एना की तेज हवा के कारण जंगली आग तेजी से फैली.

**इलाका खाली करने की अपील :** कास्टेइक झील क्षेत्र और निकटवर्ती दूरदराज के घाटी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निकालने के आदेश जारी कर दिए गए. लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग के रॉबर्ट जेन्सन ने आग से प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों से तुरंत जगह खाली करने को कहा है. उन्होंने कहा कि हमने पैलिसेड्स और ईटन की आग में लोगों द्वारा आदेशों का पालन न करने के कारण हुई तबाही देखी है. उन्होंने कहा, यदि आपको निकासी का आदेश दिया गया है, तो कृपया बाहर निकल जाएं. पुलिस को पड़ोस में घूमते हुए देखा गया जो आग फैलने के कारण लोगों को वहां से निकल जाने के लिए कह रही थी. फुटेज में हेलीकॉप्टरों और विमानों को आग पर पानी और आग बुझाने वाले पदार्थ गिराते हुए दिखाया गया।

# स्मार्टफोन निर्यात में भारत दूसरे स्थान पर, पीएलआई स्कीम का असर

### - चार साल पहले 14वें स्थान पर था



**नई दिल्ली ।**

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के अद्भुत प्रभाव के बाद भारत ने स्मार्टफोन निर्यात में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब स्मार्टफोन देश के निर्यात के मामले में दूसरे स्थान पर है। यह चार साल पहले 14वें स्थान पर था, जो स्कीम के फलस्वरूप हुआ है। वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सराहना की और कहा कि पीएलआई स्कीम ने भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता में इजाफा किया है। इसके साथ ही, इस स्कीम से सम्बंधित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। देश में इकोसिस्टम की तेजी से विकास की ओर कदम बढ़ रहा है और यह सेक्टर विश्वस्तरीय उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। स्मार्टफोन के साथ-साथ भारत के टॉप-5 निर्यातों में मोटर वाहन डीजल ईंधन, विमानन ईंधन, हीरे और मोटर गैसोलीन शामिल हैं। सरकार ने पीएलआई स्कीम के तहत कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 1,600 करोड़ रुपये का इंसेंटिव प्रदान किया है, जिसमें से बड़े स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कर रही कंपनियों को 964 करोड़ रुपये मिले हैं। देश के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में वृद्धि के बाद आशा है कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के शुरू होने से और भी उत्साह भरी गति से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में तेजी आएगी।

# पेट्रोल-डीजल बिहार सहित कई राज्यों में हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।**

सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें जारी कर दी हैं। शुक्रवार को कई राज्यों में तेल के दाम नीचे दिख रहे। इसकी वजह ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट है। ब्रेंट क्रूड का भाव एक बार फिर 80 डॉलर से नीचे जाता दिख रहा है, जिसका असर घरेलू बाजार में खुदरा कीमतों पर भी दिखा. हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में आज पेट्रोल 18 पैसे सस्ता होकर 94.99 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 18 पैसे गिरा और 87.84 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में भी पेट्रोल 35 पैसे सस्ता होकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 33 पैसे गिरकर 02.09 रुपये लीटर बिक रहा है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 19 पैसे चढ़कर 104.91 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 17 पैसे महंगा होकर 90.21 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी उछाल के साथ 74.27 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए रेट- गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये और डीजल 87.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

जयपुर में पेट्रोल 104.91 रुपये और डीजल 90.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# ओला और उबर को सीसीपीए ने जारी किया नोटिस


### एक ही जगह के लिए एंड्रायड और आईओएस पर अलग-अलग किराया दिखाने का मामला




**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने ओला और उबर जैसी कैब एग्रीगेटर कंपनियों के लिए एंड्रायड और आईओएस प्लेटफ़ार्म पर अलग-अलग किराया दिखाने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस जारी किया। ग्राहकों के मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर मूल्य निर्धारण करने को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। प्राधिकरण ने इस प्रैक्टिस को स्पष्ट रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण के रूप में वर्णित किया है और उद्यमों से संभावित भेदभाव को हटाने की गुहार दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस निर्देश के माध्यम से सभी स्थितियों में उपयुक्त और सरल समाधान की दिशा में कदम उठाने की आशा व्यक्त की है। केंद्र सरकार ने कैब एग्रिग्रेटर ओला और उबर से एंड्रायड और आईओएस पर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया दिखाए जाने को लेकर नोटिस जारी किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सवारी बुक करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल डिवाइस के आधार पर कथित रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की ओर से यह कार्रवाई उन रिपोर्टों के बाद की गई है, जिनमें कहा गया था कि ओला और उबर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया वसूलते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि यूजर आईफोन से बुक कर रहा है या एंड्रॉइड डिवाइस से बुकिंग कर रहा है। सीसीपीए ने दोनों कंपनियों से अपने मूल्य निर्धारण के तरीकों को स्पष्ट करने और संभावित भेदभाव की चिंताओं को दूर करने के लिए कहा है।

# ट्राई के आदेश का असर, जिओ ने वॉयस और एसएमएस वाले प्रीपेड प्लान को उतारा




**नई दिल्ली ।**

एयरटेल की ओर से हाल ही में सस्ते प्लान लाए गए थे। अब इसी क्रम में जियो ने कदम आगे बढ़ाया है। जिओ ने वॉयस और एसएमएस वाले प्रीपेड प्लान को मार्केट में उतारा है। ट्राई की तरफ से टेलीकॉम कंपनियों को इसतरह प्लान लाने के लिए कहा गया था। ट्राई ने कहा था कि यूजर्स को स्पेशल टेरिफ वाउचर लाने चाहिए। इसतरह के प्लान में यूजर्स को वॉयस और एसएमएस बेनिफिट्स मिलने चाहिए।

जिओ ने 458 का प्लान लाया है। ये एंट्री लेवल प्लान है, इसमें यूजर्स को अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स और 1 हजार एसएमएस की सुविधा दी जा रही है। इस प्लान की वैलिडिटी 84 दिनों की मिलती है। साथ में यूजर्स को सब्सक्रिप्शन बेनिफिट्स भी मिलते हैं। यानी यूजर्स अगर ये प्लान खरीदते हैं, तब साथ में उन्हें जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड मिलने वाला है। पहले ये प्लान 479 का आता था और इसमें वॉयस और एसएमएस के साथ 6जीबी डेटा दिया जाता था। अब प्लान को अपडेट करने के बाद 21 रुपए सस्ता कर दिया गया है, लेकिन इसमें डेटा बेनिफिट्स को भी हटाया गया है।

जिओ की तरफ से 1958 का प्लान भी लाया गया है। इसकी वैलिडिटी 365 दिनों की मिलती है। यूजर्स को प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स और 3,600 एसएमएस भी दिए जाते हैं। इसके साथ आपकों जियो एप का सब्सक्रिप्शन भी दिया जाएगा। इसमें जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड को भी शामिल किया गया है। वैल्यू ऑफरिंग के तहत ये प्लान जियो ने वेबसाइट पर लिस्ट किया है। इससे पहले जियो की तरफ से ये प्लान 1899 की कीमत में था। इसकी वैलिडिटी 336 दिनों की मिलती है। प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग, 3600 एसएमएस, 6जीबी डेटा दिया जाता है। प्लान अपडेट करने के बाद जियो ने कीमत को 59 रुपए महंगा कर दिया है, लेकिन इसमें डेटा को हटाकर वैलिडिटी को 29 दिनों के लिए बढ़ा दिया है।

# होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन में 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने उन्नत तकनीक को प्राथमिकता दी

### - वर्ष 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक ट्रैवल मार्केट बनने की संभावना

**नईदिल्ली ।**

जब राष्ट्रीय पर्यटन दिवस नजदीक आ रहा है, तो गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने एक हैप्पीनेस सर्वे आयोजित किया जिसमें प्राप्त हुए नतीजे दिखा रहे हैं कि 53 फीसदी ग्राहक आधुनिक होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन में उन्नत तकनीक को प्राथमिकता दे रही हैं। यह सर्वे दर्शाता है कि सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और अभिनव उपायों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पर्यटन के अमूल्य योगदान की बात करते हुए, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस ने भी दर्शाया है कि भारत का पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और वर्ष 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक ट्रैवल मार्केट बनने की संभावना है। केवल 2024 में ही इस क्षेत्र ने विदेशी मुद्रा में 25,010 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया है। इस उन्नति के साथ, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ रही हैं। एक अलग सर्वे में पाया गया है कि 50 फीसदी गृहस्वामी उपयोग में आसानी को प्राथमिकता देते हैं, जबकि 44 फीसदी घर के मालिक मानते हैं कि विश्वसनीयता ही सबसे महत्वपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि लोग सुरक्षा में उन्नति की मांग कर रहे हैं और समाधानों की खोज में हैं जो उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मदद करें। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि सुरक्षा समाधानों की उच्च मांग ने उन्हें ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने गोदरेज की प्रतिबद्धता और योजना की महत्वपूर्णता को भी जाहिर किया कि लोगों को सुरक्षित रखने में मदद करना हमारी प्राथमिकता है।

# 2025 की शुरुआत में मिड और स्मॉलकैप स्टॉक्स का बुरा हाल

**नई दिल्ली ।**

2025 की पहली तिमाही ने मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स के लिए कमर कस ली है। इन इंडेक्स ने अब तक बेंचमार्क निफ्टी 50 से कमजोर प्रदर्शन किया है। मिडकैप 150 इंडेक्स ने 2025 में करीब 7 फीसदी की गिरावट दर्ज की है, जबकि स्मॉलकैप 250 इंडेक्स करीब 9 फीसदी गिर चुका है। निफ्टी 50 इंडेक्स भी इसी अवधि में लगभग 2 फीसदी कमजोर हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में दो अहम ट्रेंड्स नजर आ रहे हैं। पहला ट्रेंड है संस्थागत गतिविधियां, जहां फरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बिकवाली कर रहे हैं और डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स खरीदारी कर रहे हैं। दूसरा ट्रेंड है क्वालिटी की ओर रुझान, जहां लार्जकैप स्टॉक्स मजबूत हैं जबकि ब्रॉडर मार्केट कमजोर हो रहा है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हालिया गिरावट ने लंबे समय की तेजी को ठहराया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि इनके वैल्यूएशन महंगे हो चुके हैं और आगे भी सुधार की संभावना कम है। इसके बजाय, लार्जकैप शेयरों पर ध्यान देने की सलाह दी जा रही है।



# क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में फंसी पेटीएम, ईडी की जांच के घेरे में आई

**मुंबई ।** डिजिटल भुगतान की दिग्गज कंपनी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस क्रिप्टाकरेंसी घोटाला मामले में ईडी की जांच के घेरे में आ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दायरे में आने की खबर के बाद पेटीएम का स्टॉक भारी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पेटीएम उन आठ पेमेंट गेटवे कंपनियों में शामिल है, जिनके खिलाफ ईडी ने जांच शुरू की है। इन कंपनियों के वर्चुअल अकाउंट्स में करीब 500 करोड़ रुपए की राशि को ईडी ने फ्रीज कर दिया है। यह कार्रवाई चीनी नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे कथित क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में इन कंपनियों की संभावित संलिप्तता के चलते की गई है। आरोप है कि चीन के इन नागरिकों ने एचपीजेड टोकन ऐप के जरिए 20 राज्यों में हजारों लोगों को झांसे में लेकर 2200 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जुटाई। ईडी ने इस घोटाले में पेटीएम समेत अन्य कंपनियों की भूमिका की जांच शुरू की है। इस खबर के बाद पेटीएम का स्टॉक शुक्रवार को 849.95 रुपए पर खुलने के बाद लगभग 9 फीसदी गिरकर 773.05 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गया।

# कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 2,038 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने अपनी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,038 करोड़ रुपये के नए ठेके हासिल करने की शुक्रवार को जानकारी दी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार नए ठेके भारत और विदेशी बाजारों में पारेषण एवं वितरण कारोबार के साथ-साथ भारत में निर्माण परियोजनाओं में हैं। केपीआईएल के एक अे धिकारी ने कहा कि इन नए ठेकों के साथ हमारे ठेके वार्षिक आधार पर 19,361 करोड़ रुपये तक पहुंच गए है, जो व्यापार दृश्यता में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। केपीआईएल सबसे बड़ी विशेषीकृत ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण) कंपनियों में से एक है। यह वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। वैश्विक स्तर पर 75 देशों में इसकी उपस्थिति है।

# जीएसटी टैक्स: छोटे आय वाले मिस्त्री को 1.96 करोड़ का टैक्स नोटिस

### - सुनील के नाम पर 11 कंपनियां हो रही हैं संचालित




**अहमदाबाद ।**

गुजरात के पाटन जिले से जीएसटी से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अहमदाबाद में मिस्त्री का काम करने वाले सुनील सथवारा को बेंगलुरु जीएसटी विभाग से 1.96 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस मिला। महज 16-17 हजार रुपये की मासिक आय से परिवार चलाने वाले सुनील के लिए यह नोटिस किसी बड़े सदमे से कम नहीं था। जांच में यह खुलासा हुआ कि सुनील के नाम पर 11 कंपनियां संचालित हो रही हैं, जो देश के अलग-अलग राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार में पंजीकृत हैं। यह भी पाया गया कि इन कंपनियों के पंजीकरण के लिए सुनील के नकली आधार और पैन कार्ड का उपयोग किया गया था। टैक्स नोटिस मिलने के बाद सुनील ने वकील से संपर्क किया और दस्तावेजों की जांच कराई। फर्जी दस्तावेजों के उपयोग का पता चलने पर उन्होंने गृह विभाग और क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। सुनील का कहना है कि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर यह रैकेट संचालित किया गया है। मामले की जांच गांधीनगर सीआईडी क्राइम के हवाले की गई है। जांच के बाद यह स्पष्ट होगा कि यह रैकेट किसने चलाया, असली आरोपी कौन है और उसका मकसद क्या था। यह घटना आधार और पैन कार्ड से जुड़ी सुरक्षा खामियों और फर्जीवाड़े को उजागर करती है। संबंधित विभागों से अपील की जा रही है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही परिणामों को लेकर चिंता की वजह से भी दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार नीचे आये हैं। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली ने भी बाजार टूटा है।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसक्स सेंसेक्स 329.92 अंक करीब 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी आज उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 113.15 अंक तकरीबन 0.49 फीसदी नीचे आकर 23,092 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी रहने से आया है। इसके अलावा। विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों से 5,462 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। जिससे भी बाजार नीचे आया है।

इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणामों के उम्मीद से कम रहने की वजह से बाजार सेंटीमेंट प्रभावित हुआ है। इसकी वजह से दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार तीसरी बार गिरावट पर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे हैवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार फिसला है।

वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुले। एशिया बाजार शुक्रवार सुबह तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो वॉल स्ट्रीट की मजबूती का असर है। कामकाज शुरू होने पर बीएसई का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.14 अंक उछलकर 76,553.52 अंक पर खुला। वहीं निफ्टी ने भी 7.80 अंक बढ़कर 23,213.15 अंक पर अपने कारोबार की शुरुआत की। वहीं एशिया बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी 500 ने 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ 6,118.71 पर बंद होकर लगातार दूसरे सत्र में ऑल-टाइम हाई बनाया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.92 फीसदी बढ़कर 44,565.07 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.22 फीसदी बढ़कर 20,053.68 पर बंद हुआ।

# अरविंद स्मार्टस्पेसेज ने टाउनशिप बनाने के लिए किया संयुक्त विकास समझौता

### - 92 एकड़ की टाउनशिप विकसित करेगा, 1,500 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य

Arvind SmartSpaces

**नई दिल्ली ।** भूमि विकास के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय पहचान बनाने वाली अरविंद स्मार्टस्पेसेज लिमिटेड ने शुक्रवार को 92 एकड़ में टाउनशिप बनाने के लिए संयुक्त विकास समझौता किया है। इस गृहप्रशासन निर्माण परियोजना से उन्हें 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद है। अरविंद स्मार्टस्पेसेज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर विचार किया है। उन्होंने कहा कि हमें मुंबई रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश की इस अद्भुत संभावना के लिए बहुत खुशी है। यह हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अहम समझौते के तहत टाउनशिप के निर्माण के लिए सच डेवलपर्स के साथ साझेदारी की जा रही है। इस ताजी भूमि विकास योजना का कुल अनुमानित क्षेत्रफल 92 एकड़ है और इससे कुल 1,500 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। यह सहायक संयुक्त विकास मॉडल के तहत योजनाबद्ध है, जो 70.5 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी को शामिल करता है। अरविंद स्मार्टस्पेसेज 2008 में स्थापित हुई अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर कंपनी में से एक है, जिसने भारतीय निवेशदाताओं के लिए नए अवसरों का संवाहन किया है।

# अमेजन वेब सर्विसेज भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने महाराष्ट्र में करेगी निवेश




**मुंबई ।**

अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र में एडब्ल्यूएस एशिया-प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र में क्लाउड बुनियादी ढांचे में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर याने करीब 72 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना की घोषणा की है। यह निवेश एडब्ल्यूएस के 2030 तक भारत के लिए 12.7 अरब अमेरिकी डॉलर याने 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के बड़े नियोजित निवेश का हिस्सा है, जिसकी घोषणा मई 2023 में की गई थी। अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई ने कहा कि एडब्ल्यूएस ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता का और विस्तार करने के लिए महाराष्ट्र में एडब्ल्यूएस एशिया-प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र में क्लाउड के बुनियादी ढांचे में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। अनुमान है कि इस निवेश से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.3 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान होगा। स्थानीय डेटा सेंटर आपूर्ति श्रृंखला में 2030 तक सालाना 81,300 से अधिक पूर्णकालिक नौकरियां सृजित होंगी। एडब्ल्यूएस ने 2016 से 2019 के बीच महाराष्ट्र में क्लाउड के बुनियादी ढांचे में 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। महाराष्ट्र सरकार और एडब्ल्यूएस ने निवेश योजना को औपचारिक रूप देने के लिए दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, 'जैसा कि हम डेटा सेंटर के लिए वैश्विक राजधानी बनने के अपने दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं। यह सहयोग न केवल हमारे राज्य के प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि नवाचार, आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा।

# पतंजलि की लाल मिर्च फिर शक के दायरे में

### - फूड अथॉरिटी ने पूरा बैच वापस मंगाया




**नई दिल्ली ।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा कि खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने कंपनी को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने को लेकर एक विशेष बैच की पैक की गई लाल मिर्च पाउडर को वापस मंगाने का निर्देश दिया है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने इस संबंध में 13 जनवरी को एक आदेश जारी किया था। कंपनी ने कहा, खाद्य सुरक्षा नियामक ने पतंजलि फूड्स को निर्देश दिया है कि वह पूरे बैच (बैच नंबर - एजेडी2400012) की पैक की गई लाल मिर्च पाउडर को वापस मंगाए, क्योंकि यह खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011 का पालन नहीं करता है। 1986 में स्थापित बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी, पतंजलि फूड्स (पूर्व में रुचि सोया) भारत की शीर्ष एफएमसीजी कंपनियों में से एक है। कंपनी खाद्य तेल, खाद्य और एफएमसीजी और पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में सक्रिय है। यह पतंजलि, रुचि गोल्ड, न्यूट्रेला आदि ब्रांडों के तहत उत्पाद बेचती है।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले टी20 में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी से जीत हासिल की थी। इससे वह पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। अब अभिषेक इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं इस मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अवसर मिलना भी तय माना जा रहा है। शमी पहले मैच में शामिल नहीं किया गये थे। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी हालांकि यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। शमी को अंतिम ग्यारह में जगह मिली तो स्पिनर रवि बिश्नोई को आराम दिया जा सकता है। बिश्नोई ने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 4 ओवर फेंके थे. इस दौरान 22 रन दिए थे. लेकिन एक भी विकेट नहीं ले पाए थे.

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी पर चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक सहायता मिलने की संभावना है। ऐसे हालातों में वरुण चक्रवर्ती के अलावा उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को भी अंतिम ग्यारह में जगह मिलन तय माना जा रहा है। दूसरी ओर इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंग्स्टन भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे।

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और इस बार भी दोनों एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने के इरादे से उतरेंगे। सैमसन पहले मैच में लंबी पारी नहीं खेल पाए थे पर अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। सैमसन का लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा नितीश रेड्डी और तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।



दूसरी ओर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि उनकी टीम को सीरीज में वापसी करने के लिए आक्रामक खेल खेलते हुए, भारतीय टीम पर दबाव बनाये रखना होगा। ब्रूक ने दूसरे टी20 से पहले कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो कोच ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। वहीं कप्तान जोस बटलर ने इससे पहले कहा था कि उनकी टीम को भारतीय हालातों में स्पिनरों का सामना करने के लिए नये तरीके तलाशने होंगे। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारतीय टीम पांच मैच की सीरीज में अभी 1-0 से आगे चल रही है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे



**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच चोट के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए।

जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

जोकोविच ने बाद में संवादाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहला सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।' जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला।

# रणजी ट्रॉफी : रवींद्र जडेजा का कहर, सौराष्ट्र ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया



**राजकोट (एजेंसी)।** रवींद्र जडेजा कुल (12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और हार्विक देसाई (93) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मुकाबले में दूसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली को 10 विकेट से हराया। सौराष्ट्र ने कल के पांच विकेट पर 163 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। प्रेरक मांकड़ (19) छठे विकेट के रूप में आज आउट होने वाले सौराष्ट्र के पहले बल्लेबाज थे। इसके बाद समर गज्जर (11), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (शून्य), जयदेव उनादकट (छह) और आखिरी विकेट के रूप में अर्पित वसावड़ा (62) रन बनाकर आउट हुए।

सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 271 रनों का स्कोर बनाते हुए पहली पारी के आधार पर 83 रनों की बढ़त बनाई। दिल्ली के लिए हर्ष त्यागी ने चार विकेट लिए। आयुष बढोनी को तीन विकेट मिले। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को एक बार फिर रवींद्र जडेजा के कहर का सामना करना पड़ा। सौराष्ट्र के गेंदबाजी आक्रमण के दिल्ली की पूरी टीम 25.2 ओवर में 94 रन पर सिमट गई। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बदोनी सर्वाधिक (44) रनों की पारी खेली। ऋषभ पंत (17) और अर्पित राणा (12) रन बनाकर आउट हुए।

सौराष्ट्र की ओर से रवींद्र जडेजा ने 38 रन देकर 7 विकेट लिए। धर्मेंद्रसिंह जडेजा को दो विकेट मिले। युवराजसिंह डोडिया ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सौराष्ट्र को जीत के लिए 11 रनों का लक्ष्य मिला। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 3.1 ओवर में 15 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। दिल्ली ने पहली पारी में 55 रन बनाए थे।

# बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने साल की शानदार शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चार मैच में 19 विकेट चटकाए जिसमें विशाखापत्तम में मैच में नौ विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ स्वदेश में दो मैच में 11 विकेट



हासिल किए।

बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर सिर्फ तीन विकेट चटका पाए और भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने स्वयं को शीर्ष टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया और 2024 में भारतीय बल्लेबाजों के बीच शानदार प्रदर्शन किया।

दक्षिण अफ्रीका में चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 712 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक जड़ते हुए दबदबा बनाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारत को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जायसवाल ने पर्थ में पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। वह 391 रन के साथ श्रृंखला में भारत के शीर्ष स्कोरर रहे। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए। रूट को भी आईसीसी की ऑल स्टार टीम में जगह मिली है।

विलियमसन ने भी 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59.58 के शानदार औसत से 1013 रन बनाए जिससे वह साल में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में छठे स्थान पर रहे। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस ने भी 74.92 के बेहद शानदार औसत के साथ 2024 में 1049 रन बनाते हुए टीम में जगह बनाई। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ श्रृंखला जीती। उन्होंने 2024 में 24.02 के औसत से 37 विकेट चटकाने के अलावा 23.53 के औसत से 306 रन भी बनाए।

**आईसीसी की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम:** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड गैडेकी–पीयर्स ने जीता मिश्रित युगल खिताब

मेलबर्न। वाइल्ड कार्ड जोड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता। उन्होंने हमवतन किम्बर्ली बिरेल और जॉन–पैट्रिक स्मिथ को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड ने रॉड लेवर एरिना में रोमांचित प्रशंसकों के सामने एक घंटे और 24 मिनट में हमवतन बिरेल और स्मिथ पर 3–6, 6–4 (10–6) से वापसी की। गैडेकी और पीयर्स को ग्रैंड स्लैम चैंपियन लेस्ली बोरे और बिल बोरे ने ट्रॉफी प्रदान की, और यह जीत पीयर्स के लिए दूसरा ऑस्ट्रेलियाई खिताब है, जिन्होंने 2017 में हेनरी कोंटिनेन के साथ पुरुष युगल खिताब जीता था। 36 वर्षीय पीयर्स, जिन्होंने मैथ्यू एबडेन के साथ पेरिस में ओलंपिक



युगल स्वर्ण जीता था, ने स्टॉर्म सैंडर्स के साथ 2022 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब और हेनरी कोंटिनेन के साथ 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब भी जीता। गैडेकी के लिए, मेलबर्न ट्रॉफी किसी प्रमुख टूर्नामेंट में उनकी पहली ट्रॉफी है।22 वर्षीय गैडेकी और 36 वर्षीय पीयर्स ने 25 विजयी मुकाबलों में जीत हासिल की और 2013 के बाद से पहले ऑल–ऑस्ट्रेलियाई मिश्रित युगल ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन बन गए, जब मैट एबडेन और जर्मिला गजदोसोवा ने ताज उठाया था। टूर्नामेंट के आंकड़ों के अनुसार, वे ओपन युग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली चौथी ऑल–ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी भी हैं, इससे पहले 2005 में एबडेन और गजदोसोवा, स्कॉट ड्रेपर और सामंथा स्टोसुर और 1992 में मार्क वुडफोर्ड और निकोल प्रोविस ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

# अब ईशान किशन खोलेंगे क्रिकेट एकेडमी



पटना। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाल ईशान किशन भी अब क्रिकेट एकेडमी खोलने जा रहे हैं। ईशान से पहले इरफान और यूसुफ पठान के अलावा आकाशदीप सिंह ने भी अपनी क्रिकेट एकेडमी खोली थी। ईशान के एकेडमी खोलने से बिहार के क्रिकेट प्रेमी युवाओं को लाभ होगा। इससे उन्हें भारतीय टीम में रहे खिलाड़ियों की देखरेख में क्रिकेट सीखने का मौका मिलेगा। ईशान की एकेडमी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि फरवरी महीने में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। ईशान ने अपनी एकेडमी का नाम द ईशान किशन एकेडमी रखा है। यह राजधानी पटना के एनर्जी पार्क के पास बन रही है। अनुमान है कि 15 फरवरी से पहले इसका उद्घाटन खुद ईशान करेंगे। फिलहाल एकेडमी में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। एकेडमी में चार सीमेंटेड पिच और चार टर्फ एरिया बनाए जा रहे हैं। अभी इनमें कुछ बदलाव हो सकते हैं। इसके अलावा, ऊर्जा स्टेडियम की पिच का उपयोग भी प्रैक्टिस और मैच के लिए किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को छह रन से हराया

**कैनबरा, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच एशेज का आयोजन किया जा रहा है। जहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दो मैच रहते महिला एशेज के खिताब को अपने नाम कर लिया है। पुरुषों और महिलाओं के एशेज में काफी ज्यादा अंतर होता है। जहां पुरुषों के बीच एशेज के लिए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। वहीं महिला एशेज के लिए तीन वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेला जाता है। वनडे और टी20 मैच जीतने पर दो अंक और टेस्ट मैच जीतने पर चार अंक मिलते हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने अंकों के आधार पर खिताब अपने नाम कर लिया है।


ऑस्ट्रेलिया ने कैनबरा के मनुका ओवल में दूसरे टी20द्ध में इंग्लैंड को छह रन (ष्ठरुस्) से हराकर महिला एशेज 2025 पर कब्जा कर लिया। एलिसा हीली की कप्तानी में मेजबान टीम ने वनडे सीरीज में इंग्लैंड को धूल चटाते



हुए 3-0 से सीरीज जीत ली। ञ्20द्ध में कुछ भी नहीं बदला क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में पहले मैच में आरामदायक जीत हासिल की, उसके बाद सीरीज के दूसरे गेम में भी शानदार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस मुकाबले को 6 रन जीता।

दोनों टीमों के बीच खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले के बारे में बात करें तो, इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीता और उन्होंने कीपर-बल्लेबाज बेथ मूनी अच्छी लय में दिखीं, लेकिन 31 वर्षीय खिलाड़ी 31 गेंदों पर 44 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान ताहलिया मैकग्राथ और ग्रेस हैरिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 71 रनों की शानदार साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया को 185 रन बनाने में मदद की। मैकग्राथ ने 35 गेंदों पर नाबाद 48 रन बनाए जबकि हैरिस ने 17 गेंदों पर 35* रन बनाए। मेहमान टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की, मैया बाउचियर और डेनी वायट-हॉज ने 46 रन की ओपनिंग साझेदारी की। बाउचियर के जाने के बाद वायट-हॉज ने पारी को संभाला और 40 गेंदों पर 52 रन बनाए। हीथर नाइट इस मुकाबले में काफी शानदार फॉर्म में दिखी। वह 19 गेंदों पर 43 रन बनाकर खेल रही थी। तब ही बारिश ने मैच में खलल डाला और मैच को रोक दिया गया। उस वक्त इंग्लैंड को जीते कि लिए 5 गेंदों पर 16 रनों की जरूरत थी, लेकिन बारिश के कारण मैच फिर से शुरू नहीं हो सका और इंग्लैंड को यह मैच डीएलएस के नियमों के अनुसार 6 रनों से गंवाना पड़ा।

# स्वियाटेक को हराकर मैडिसन कीज ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



मेलबर्न। अमेरिका की मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेका को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज 29 साल की कीज ने शुरुआती सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5–7, 6–1, 7–6 (10–8) से जीत दर्ज की। कीज के सामने शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी एरिना सबालेंका की चुनौती होगी। बेलारूस की 26 साल की सबालेंका ने अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 6–4, 6–2 से हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बनने की ओर कदम बढ़ाया। स्वियातेक को शिकस्त देने के बाद कीज कोर्ट पर बैठ गई और रैकेट नीचे रख अपने हाथों से सिर को पकड़ लिया। उन्होंने शायदा मैच में शानदार वापसी करने को 'काफी नाटकीय समापन' करार देते हुए कहा कि मैं अब भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि मैंने यह सब कैसे किया। इस 19वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 5 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने को बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि मुझे ऐसा लगा जैसे मैं इसमें बने रहने के लिए संघर्ष कर रही हूं। यह बहुत ज्यादा उतार–चढाव से भरा मैच था। सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। सेरेना विलियम्स भी 2015 से 2017 तक 3 बार इसके फाइनल में पहुंची है लेकिन वह 2 बार चैंपियन बनी थी। फाइनल में जगह बनाने के बाद सबालेंका ने कहा कि मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं। मुझे अपने आप पे गर्व है। मुझे अपनी टीम पर गर्व है कि हम खुद को ऐसी स्थिति में पहुंचाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि अगर मैं खुद को इतिहास (किताबों) का हिस्सा बना पाऊं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखने वाला होगा।

# चिराग–सात्विक, लक्ष्य की हार के साथ भारत का इंडोनेशिया मास्टर्स में अभियान समाप्त

जकार्ता, । चिराग शेट्टी–सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और लक्ष्य सेन को गुरुवार को दूसरे दौर में मिली हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। इस मैच में मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 50 मिनट तक चले मुकाबले में चिराग–सात्विक को थाईलैंड की जोड़ी ने 22–20, 23–21 से हराया। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में तीन और दूसरे गेम में दो गेम प्वाइंट गंवा दिए। दुनिया के 10वें नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के मैच में एक घंटे और 13 मिनट तक संघर्ष करने के बाद हार कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 15वें स्थान पर मौजूद केंटा निशिमोटो ने पहला गेम जीता, जबकि लक्ष्य सेन ने दूसरा गेम जीतने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। लक्ष्य सेन ने एक मैच प्वाइंट बचाकर निर्णायक गेम को टाई–ब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन केंटा निशिमोटो ने धैर्य बनाए रखते हुए मुकाबले को अपने नाम करने के लिए शानदार वापसी की और मैच को 21–16, 12–21, 23–21 से जीत लिया। लक्ष्य सेन का केंटा निशिमोटो के साथ यह पांचवां मुकाबला था और इस हार के बावजूद, भारतीय शटलर वर्तमान में उनसे हेड–टू–हेड मुकाबले में 3–2 से आगे हैं। राउंड 2 में सेन के बाहर होने के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स में पुरुष और महिला वर्ग में भारत का एकल अभियान भी समाप्त हो गया। तनीषा क्रास्टो–ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में मलेशिया की हू पैंग रॉन–चेंग सु यिन से हार का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड दोबारा तोड़ना और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक है प्रवीण का लक्ष्य

**विजयनगर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ट्रिपल जम्प खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल महाद्वीपीय खेलों में एक बार फिर पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं लेकिन उनका लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे।

तमिलनाडु का यह खिलाड़ी 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत के ही एलधोस पॉल (17.03 मीटर) और अब्दुल्ला अबुबाकर (17.02 मीटर) ने इस स्पर्धा में क्रमशरू स्वर्ण और रजत पदक जीता था। प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जबकि वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते हैं।

यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूफ ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे प्रवीण ने विशेष साक्षात्कार में कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, सब कुछ। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक गंवा दिया था। मेरे पास एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि मैं एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) में पदक जीतूंगा लेकिन मैं राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता।' राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। तेइस साल के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।' प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'

प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा कि परिवार के कई सदस्यों के खेलों से जुड़े होने और पढ़ाई में काफी अच्छा नहीं होने के कारण उनके लिए खेलों से जुड़ने का फैसला करना अधिक मुश्किल नहीं था। प्रवीण ने कहा, 'मेरा परिवार खेलों में रहा है, मेरे चाचा, मेरे पिताजी कबड्डी खेलते थे। मैं भी पहले कबड्डी खेलता था, फिर मेरे पिता ने कहा कि जब आपके लिए अच्छा हो तो आप व्यक्तिगत खेलों को खेल सकते हैं। टीम खेल ऐसा नहीं है कि हर व्यक्ति हर बार आपके साथ आए इसलिए व्यक्तिगत रूप से आप अपने लिए नाम बना सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'पढ़ाई में मैं काफी अच्छा नहीं था लेकिन खेल मुझे अधिक सहज लगे इसलिए मैंने इनसे जुड़ने का फैसाल किया।' प्रवीण ने कहा कि शुरुआत में सुविधाओं की कमी थी लेकिन



नतीजे हासिल करने के बाद उन्हें सुविधाएं मिलने लगीं। तमिलनाडु के थंजावुर जिले के इस खिलाड़ी ने कहा, 'नहीं, मेरे गांव में हमारे पास कोई सुविधा नहीं थी लेकिन मैं अपने राज्य और जिले में क्षेत्रीय और जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में जगह बना रहा था। इसके बाद सातवीं कक्षा के दौरान मुझे चेन्नई में हॉस्टल मिला, 10 या 11 साल की उम्र में, फिर मुझे सुविधाएं मिलने लगीं।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी : अगले माह ही मिल पायेंगे पीसीबी को स्टेडियम

लाहौर। अगले माह 19 फरवरी से शुरु हो रहे आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबलों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को स्टेडियम दो सप्ताह पहले ही मिल पायेगे। इसका कारण है कि यहां निर्माण का काम अभी पूरा नहीं हो पाया है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इन दोनों स्टेडियम को पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के मैचों से परखा जाएगा कि ये सही हैं कि नहीं। अभी इस बात को लेकर भी पीबीबी को चिंता है कि क्या यह स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी तक पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे और उनमें जोड़ी गई नई सुविधाओं की जांच परख करने के लिए पर्याप्त समय होगा या नहीं। कराची के नेशनल स्टेडियम के महा प्रबंधक अरशद खान ने कहा कि नवीनीकरण का कार्य जनवरी के आखिर तक पूरा हो जाएगा और पांच फरवरी को इसे पीसीबी को सौंप दिया जाएगा। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की भी यही स्थिति है। पीसीबी ने इन दोनों स्टेडियम और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 12 अरब पाकिस्तानी रुपए खर्च किए हैं। कराची के नेशनल स्टेडियम में काफी बदलाव किए गए हैं। इसमें एक पांच मंजिला इमारत तैयार होने के करीब है।

**समाचार गेट**
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# बिग बॉस 18 फिनाले से बिना शूट किए निकलने पर बोले अक्षय

अक्षय कुमार ने उन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है, जिनमें कहा जा रहा था कि वे सलमान खान के देर से आने के कारण बिग बॉस 18 के सेट से बिना शूटिंग किए वापस चले गए थे। अक्षय कुमार ने स्पष्ट किया कि उनके पास पहले से ही कुछ जरूरी कमिटमेंट्स थे, जिसकी वजह से उन्हें जाना पड़ा था। हाल ही में दिल्ली में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब अक्षय से पूछा गया कि क्या सलमान की देर से आने के कारण उन्हें सेट से बिना शूट किए जाना पड़ा था, तो उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, मैं समय पर वहां पहुंच चुका था, लेकिन सलमान थोड़े देर से पहुंचे। उन्हें कुछ पर्सनल काम था, इसलिए उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें करीब 40 मिनट की देरी होगी। लेकिन मुझे वहां से जाना पड़ा, क्योंकि मेरे पास पहले से कुछ कमिटमेंट्स थे। हमने इस बारे में बात की और मैं सेट से निकल गया, लेकिन वीर वहीं थे और उन्होंने सलमान के साथ शूट किया था। हालांकि, सलमान खान ने भी फिनाले एपिसोड में बताया था कि अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स का प्रमोशन करने वीर पहाड़िया के साथ आने वाले थे। लेकिन वह थोड़ा लेट हो गए थे और अक्षय कुमार को किसी फंक्शन के लिए जाना था, इसलिए वो चले गए थे। फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे अक्षय कुमार 'स्काई फोर्स' का निर्देशन संदीप केलवानी और अभिषेक कपूर ने किया है। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की असली कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी हैं। अक्षय कुमार का किरदार विंग कमांडर ओपी तनेजा से प्रेरित है, जबकि वीर पहाड़िया दिवंगत स्क्वाड्रन लीडर अमजद बी देवैया के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं, सारा अली खान उनकी पत्नी की भूमिका में हैं।



# नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ करियर, हमेशा आइटम गर्ल समझा गया

हाल ही में राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'सत्या' री-रिलीज हुई है। इस मौके पर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने रामू के साथ लड़ाई की खबरों को महज अफवाह बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका करियर रामगोपाल वर्मा के कारण नहीं, बल्कि नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ। उन्हें हमेशा ही आइटम गर्ल या फिर सेक्स साइरन के रूप में देखा गया। उर्मिला ने राम गोपाल वर्मा के साथ सत्या, जंगल, रंगीला और भूत जैसी फिल्मों में काम किया है। रंगीला बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही और इस फिल्म ने उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में 'रंगीला गर्ल' के तौर स्थापित कर दिया। इंडस्ट्री में ऐसी अफवाह थी कि एक्ट्रेस का रामू के साथ अफेयर चल रहा है जिस वजह से वो उनकी हर फिल्म में होती हैं। हालांकि, एक समय पर दोनों के बीच लड़ाई की खबरें आने लगीं। उर्मिला मातोंडकर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि कई बेहतरीन फिल्में करने के बाद भी 90 के दशक में मीडिया सिर्फ उनके लुक और उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करती थी। लोगों को उनकी एक्टिंग के बजाय उनकी जिंदगी के हर पहलु में दिलचस्पी रहती थी। पिंजर, कौन, एक हसीना थी जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम करने के बावजूद भी उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में सिर्फ एक आइटम गर्ल ही समझा गया। उर्मिला कहती हैं- इंडस्ट्री में सिर्फ एक आइटम गर्ल और सेक्स साइरन के तौर पर देखा जाता था। मैं इंडस्ट्री से ताल्लुक नहीं रखती थी, जिसका मुझे खामियाजा उठाना पड़ा था। सत्या की री-रिलीज के मौके पर उर्मिला मातोंडकर ने एक बार फिर डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा और एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ काम करने की इच्छा जताई है।




# शाहिद कपूर की देवा के शूट हुए मल्टीपल क्लाइमैक्स टीम को भी नहीं पता कहानी का सही अंत

**बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने जा रहे हैं। अभिनेता ने फिल्म के लिए कई क्लाइमेक्स सीन शूट किए हैं। हालांकि, उनमें से केवल एक ही फाइनल कट में शामिल हुआ है। फिल्म की कहानी का अंत कैसा होगा इस बारे में टीम मेंम्बर्स को भी नहीं पता है।**

### देवा के कई क्लाइमेक्स शूट हो रहे

फिल्म के लिए कई क्लाइमेक्स सीन शूट किए गए थे और यहां तक कि कास्ट और क्रू को भी नहीं पता कि कौन सा वर्जन फाइनल कट में शामिल हुआ है। सूत्रों ने कहा, निर्माताओं ने क्लाइमेक्स को पूरी तरह से गुप्त रखा है, जिससे हर कोई अनुमान लगा रहा है। यह गोपनीयता न केवल दर्शकों के लिए बल्कि टीम के लिए भी रहस्य की एक अतिरिक्त परत सुनिश्चित करती है।

### देवा का ट्रेलर हुआ रिलीज

देवा का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही रिलीज हुआ। इसमें अभिनेता ने फिल्म में एक गुस्सैल, युवा पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है और उन्हें कुछ गंभीर मुक्के और प्रभावशाली बंदूक-तान वाले दृश्य देते हुए देखा जा सकता है।

### ऐसा है फिल्म का ट्रेलर

शाहिद कपूर पूरे ट्रेलर में धमाकेदार एक्शन और अपने इंटेंस लुक के साथ नजर आए। अभिनेता पूरे ट्रेलर में छाए रहें। वह शहर से गुंडों का सफाया करते दिख रहे हैं। ट्रेलर में गुंडों और देवा के बीच जबरदस्त संघर्ष दिखा है, जो फैंस की उत्सुकता को बढ़ाने वाला है। पुलिसवाले के किरदार में अभिनेता काफी जंच रहे हैं। वहीं, लंबे समय के बाद वह किसी एक्शन फिल्म में दिखे हैं। अभिनेता को 'आई एम माफियाज' डायलॉग बोलते हुए सुना जा सकता है।

### ऐसी है स्टार कास्ट

'देवा' के स्टार कास्ट की बात की जाए तो फिल्म में शाहिद के अलावा देवी की मुख्य भूमिका में पूजा हेगड़े हैं और उनके साथ पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुबरा सैत भी शामिल हैं। फिल्म 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के फैंस लंबे समय से उन्हें एक्शन अवतार में देखना चाहते थे।


# अब टीवी-फिल्म एक्टर रोनित रॉय करेंगे सैफ अली खान की सुरक्षा

16 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर एक व्यक्ति ने उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया, यह व्यक्ति चोरी के इरादे से एक्टर के घर में आया था। हमले में सैफ अली खान को कई चोटें आईं। लीलावती हॉस्पिटल में उनकी सर्जरी हुई। हमले के पांच दिन बाद यानी मंगलवार को सैफ को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई है। सैफ अली खान पर हमला करने वाले व्यक्ति को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। लेकिन अब सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी एक्टर रोनित रॉय पर है।

### रोनित रॉय लेंगे सुरक्षा की जिम्मेदारी

टीवी और फिल्मों में एक अलग पहचान रखने वाले कलाकार रोनित रॉय को हाल ही में एक्टर सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली है। एक्टर रोनित रॉय को, सैफ अली खान के आसपास लीलावती हॉस्पिटल और उनके घर में देखा गया। असल में एक्टिंग करने के अलावा रोनित रॉय एक सिक्योरिटी एजेंसी के मालिक भी हैं, वह लगभग कई सालों से इस एजेंसी को चला रहे हैं। यही कारण है कि रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी को एक्टर सैफ अली खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

अमिताभ बच्चन को भी देते हैं सुरक्षा सैफ अली खान को ही रोनित रॉय सिक्योरिटी नहीं दे रहे हैं। उनकी सिक्योरिटी एजेंसी अमिताभ बच्चन के अलावा कई और नामी बॉलीवुड एक्टर्स को सुरक्षा देती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी जिन कलाकारों को सिक्योरिटी देती है, उसमें आमिर खान, सलमान खान, शाहरुख खान का नाम भी शामिल है।





# आपत्तिजनक अफवाहों पर भड़कीं तब्बू

एक्ट्रेस तब्बू ने अपने खिलाफ फैलाए गए आपत्तिजनक अफवाहों पर गुस्सा जाहिर किया है, जिसमें कहा गया था कि मुझे शादी में दिलचस्पी नहीं है, बल्कि मुझे सिर्फ अपने बिस्तर पर मर्द चाहिए। तब्बू की टीम ने ऐसी खबरों को प्रसारित करने वाले मीडिया हाउस को फटकार लगाई है। इस मामले में तब्बू की टीम ने एक सार्वजनिक बयान जारी किया है। जिसमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की आलोचना की है, जिनमें शादी के बारे में एक्ट्रेस के विचार पब्लिश किए थे। तब्बू की टीम ने अपनी इस हरकत के लिए मीडिया हाउस से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक तब्बू की टीम ने बयान में कहा- कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया ने तब्बू के बयान को गलत तरीके से पब्लिश किया है। इससे पाठकों को गुमराह किया जा रहा है। हम यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि एक्ट्रेस ने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा है। बता दें कि एक वेबसाइट ने एक्ट्रेस के बारे में एक न्यूज पब्लिश की थी। जिसमें यह दावा किया था कि तब्बू ने कहा मैं शादी में दिलचस्पी नहीं रखती है और केवल एक मर्द चाहती हूं जिसके साथ मैं बिस्तर पर सो सकूं।

# जन्नत ज़ुबैर कर दिया ये कारनामा, इस मामले में शाहरुख खान को पछाड़ा

बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान भारत से लेकर विदेशों तक लाखों-करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके चाहने वालों की बहुत बड़ी तादाद है, लेकिन अभिनेता को 23 साल की अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जन्नत जुबैर ने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को पीछे छोड़ते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जन्नत जुबैर की बढ़ती लोकप्रियता डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव को दिखाती है।







# राम गोपाल वर्मा ने किया नई फिल्म सिंडिकेट का एलान

फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने अपनी आगामी फिल्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी साझा की है, जो कि उनका अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी और डरावना काम होने का वादा करती है। राम गोपाल वर्मा के अनुसार, यह फिल्म एक भयानक आपराधिक संगठन के उदय को दर्शाने के लिए तैयार है, जो भारत के अस्तित्व को खतरे में डालता है।

### नई फिल्म का खुलासा

एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में राम गोपाल वर्मा ने सिंडिकेट के पीछे की छिपी अपनी सोच के बारे में बात की। यह देखते हुए कि सड़क गिरोह अतीत में भारत में एक बड़ा खतरा थे, आज असली खतरा राजनीतिक ताकतों, कानून प्रवर्तन, अति-धनी व्यापारियों और यहां तक कि सैन्य कर्मियों सहित विभिन्न गुटों से मिलकर एक शक्तिशाली सिंडिकेट के गठन में है।

### आपराधिक संगठन का गिरोह

राम गोपाली वर्मा ने कहा कि सिंडिकेट सुपरनैचरल हॉरर फिल्म नहीं है, बल्कि मानव की भयावह क्षमता को दिखाएगी। फिल्म निर्माता ने इस बात का खुलासा किया कि फिल्म अपराध और आतंक की प्रकृति को उजागर करेगी, यह दर्शाती है कि कैसे आपराधिक संगठन समय के साथ और भी अधिक घातक रूप में विकसित होते हैं। उन्होंने कहा, अपराध और आतंक कभी नहीं मरते। वे अधिक घातक रूपों में वापस आते रहते हैं।

### सत्या जैसी फिल्में बनाना चाहते राम गोपाल वर्मा

इससे पहले राम गोपाल वर्मा ने खुलासा किया कि 27 साल बाद फिर से सत्या देखने पर वह बहुत भावुक हो गए, क्योंकि उन्होंने इस बात पर विचार किया कि कैसे सत्या और रंगीला जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें भटका दिया, जिससे उनका रचनात्मक ध्यान भटक गया। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी सफलता के नशे में चूर हो गए और उन मूल सिद्धांतों को भूल गए, जिन्होंने उन्हें शुरू में यादगार फिल्में बनाने के लिए प्रेरित किया था।

# छावा में महारानी येसूबाई बनीं हैं रश्मिका मंदाना

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर अपकमिंग फिल्म 'छावा' से अभिनेत्री का फर्स्ट लुक निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। पोस्टर में अभिनेत्री मराठा साम्राज्य की महारानी येसूबाई की भूमिका में हैं। मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रश्मिका मंदाना के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हर महान राजा के पीछे ताकत से भरी रानी खड़ी होती है। महारानी येसूबाई के रूप में रश्मिका मंदाना का परिचय, स्वराज्य का गौरव है। पोस्टर में अभिनेत्री शाही अंदाज में दिखीं। लाल साड़ी, सोने के गहने, हरी चूड़ियों के साथ वह मराठी बिंदी में नजर आईं। पोस्टर को रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी शेयर किया और बताया कि छावा का ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास 'छावा' पर बनी फिल्म में विक्की कौशल मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म में अक्षय खन्ना अहम भूमिका में दिखाई देंगे। आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम, संतोष जुवेकर और प्रदीप रावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। विक्की और रश्मिका स्टारर छावा 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने छावा का निर्माण किया है। संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है। सिनेमैटोग्राफी सौरभ गोस्वामी की है, जबकि मनीष प्रधान ने संपादन का काम संभाला है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री के पास सलमान खान स्टारर सिकंदर है, जिसका निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है।

